卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 175 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦1 अप्रैल 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in


## फिर डराने लगा कोरोना

### 24 घंटे में कोरोना के 2,994 नए मामले सामने आए

नई दिल्ली (उद संवाददाता)। कोरोना एक बार फिर डराने लगा है। देश में शनिवार को पिछले 24 घंटों में कोरोना के 2,994 नए मामले सामने आए। वहीं, अब सक्रिय मामले 16,354 हैं। वहीं, शुक्रवार को भारत में कोरोना के 3,095 मामले सामने आए थे। ताजा संक्रमण के मामलों के साथ भारत में कोवि-19 के कुल मामले 4.47 करोड़ (4,47,18,781) हो गए हैं। अपडेट किए गए आंकड़ों के साथ 9 मौतों के साथ मृतकों की संख्या बढ़कर 5,30,876 हो गई है। दिल्ली, कर्नाटक और पंजाब से दो-दो, गुजरात से 1 और केरल में 2 लोगों की कोरोना संक्रमण से मृत्यु हुई है। 16,354 पर, सक्रिय मामलों में कुल संक्रमणों का 0.04 प्रतिशत है। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, कोविड-19 रिकवरी दर 98.77 प्रतिशत है। दैनिक पॉजिटिविटी दर 2.09 प्रतिशत और साप्ताहिक पॉजिटिविटी दर 2.03 प्रतिशत दर्ज की गई है। बीमारी से ठीक होने वालों की संख्या बढ़कर 4,41,71,551 हो गई है। मामले की मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, राष्ट्र व्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अब तक कोविड-19 टीके की 220.66 करोड़ खुराक दी जा चुकी है।



## मुख्यमंत्री ने दिये किसानों को हुए नुकसान का आंकलन करने के निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में हो रही वर्षा के मद्देनजर देर सायं सचिवालय स्थित आपदा प्रबंधन केंद्र पहुँच वर्षा से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सचिव आपदा प्रबंधन को सभी जिलाधिकारियों से समन्वय बनाने के साथ ही जिलाधिकारियों को उनकी जरूरत के आधार पर सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने जनपदों में सड़कों की आवश्यक मरम्मत में भी तेजी लाने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य संबंधी किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएँ समय पर की जानी होगी। इस संबंध में उन्होंने स्वयं भी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से वार्ता की है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री द्वारा भी पूरे सहयोग का आश्वासन दिया गया है।मुख्यमंत्री ने प्रदेश में वर्षा के कारण किसानों को हुए नुकसान के आंकलन के निर्देश कृषि विभाग को दिये हैं। किसानों की जो भी मदद की जरुरत (शेष पृष्ठ सात पर)



## आवारा कुत्तों ने महिला पर किया हमला, गंभीर

किच्छा(उद संवाददाता)। वसुंधरा कालोनी में आवारा कुत्तों ने मजदूरी करने जा रही एक महिला पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया।जिसे सरदार बल्लभ भाई पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार हेतु लाया गया। जहां चिकित्सकों ने घायल महिला की नाजुक स्थिति को देखते हुए सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बसुंधरा कालोनी में मजदूरी करने जा रही स्थानीय एक महिला जिसका नाम सुमित्रा बताया जा रहा है मजदूरी करने जा रही थी जिस पर आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया तथा बुरी तरह से घायल कर दिया महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने बड़ी मुश्किल से महिला को कुत्तों से छुड़ाया तथा अस्पताल लेकर आए जहां से गंभीर रूप से घायल महिला को चिकित्सा हेतु रेफर कर दिया। कालोनी निवासियों का कहना है पूर्व में भी आवारा कुत्तों से निजात दिलाए जाने की मांग नगर पालिका प्रशासन से भी की गई थी किंतु कोई कार्यवाही नहीं हुई है।कालोनी मै दर्जनों आवारा कुत्तों की भरमार है।

## उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने बेरोजगारों से वसूले 21.75 करोड़

### सूचना अधिकार के अन्तर्गत उपलब्ध करायी गयी सूचना से हुआ खुलासा

काशीपुर (उद संवाददाता)।राज्य पी.सी.एस. सहित राज्य की लोक सेवा के पदों पर भर्ती करने वाले प्रमुख आयोग उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने आवेदन करने वालों से आवेदन शुल्क (परीक्षा शुल्क) से वर्ष 2001-02 से 2021-22 तक कुल 21 करोड़ 75 लाख 86 हजार 879 रूपये की धनराशि वसूली गयी है। यह खुलासा आयोग द्वारा सूचना अधिकार के अन्तर्गत नदीम उद्दीन (एडवोकेट) को उपलब्ध करायी गयी सूचना से हुआ। काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन (एडवोकेट) ने उत्तराखंड लोक सेवा आयोग से उसके द्वारा आवेदकों से वसूले गये शुल्क सहित विभिन्न सूचनायें मांगी। इसके उत्तर में लोक सूचना अधिकारी/अनुभाग अधिकारी (लेखा) लेखानुभाग राजीव गुप्ता ने अपने पत्रांक 436 दिनांक 22 मार्च 2023 से आवेदन शुल्क (परीक्षा शुल्क) से प्राप्त धनराशि का विवरण उपलब्ध कराया है। श्री नदीम को उपलब्ध करायी गयी सूचना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2001-02 तथा 2014-15 में तो कोई धनराशि नहीं वसूली गयी है तथा वर्ष 2018-19 में केवल 450 रू. की धनराशि ही वसूली गयी है जबकि अन्य वर्षों में बड़ी धनराशियां लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों से वसूली गयी है। श्री नदीम को उपलब्ध विवरण के अनुसार वित्तीय वर्ष 2002-03 में 2 करोड़ 55 लाख 54 हजार 719, वर्ष 2003-04 में 91 लाख 17 हजार 723, वर्ष 2004-05 में 28 लाख 64 हजार 986, वर्ष 2005-06 में 8 लाख 43 हजार, वर्ष 2006-07 में 23 लाख 79 हजार 700, वर्ष 2007-08 में 11 लाख 63 हजार, वर्ष 2008-09 में 3 लाख 89 हजार, वर्ष 2009-10 में 7 लाख 75 हजार, वर्ष 2010-11 में 16 लाख 26 हजार 160, वर्ष 2011-12 में 11 लाख 57 हजार 5, वर्ष 2012-13 में 7 लाख 55 हजार 700, वर्ष 2013-14 में 19 लाख 91 हजार 616, वर्ष 2015-16 में 2 करोड़ 70 लाख 77 हजार 380 तथा वर्ष 2016-17 में 1 करोड़ 49 लाख 07 हजार 510 तथा वर्ष 2017-18 में 3 करोड़ 9 लाख 31 हजार 145 रू. की धनराशि आवेदन करने वालों से प्राप्त की गयी है। वर्ष 2019-20 में 2 करोड़ 7 लाख 62 हजार 205 रूपये, कोविड महामारी के वर्ष 2020-21 में 12 लाख 26 हजार 379 रूपये तथा वर्ष 2021-22 में 7 करोड़ 40 लाख 64 हजार(शेष पृष्ठ सात पर)

## आरपीएफ ने दो लाख रूपये के स्वर्ण आभूषणों से भरा बैग यात्री को लौटाया

काशीपुर(उद संवाददाता)। रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने एक बार फिर से ईमानदारी की नजीर पेश करते हुए स्कॉट के दौरान ट्रेन में मिले लावारिस बैग को यात्री के सुपुर्द किया। बैग में सोने के लाखों रुपए की ज्वेलरी के अलावा नगदी व कपड़े थे। जानकारी के मुताबिक गाडी सं0-22976 रामनगर से बान्द्रा एक्सप्रैस में स्कोर्ट पार्टी को एक अदद बैग लावारिस हालत में मिला, जिसे दौराने ट्रेन अटैण्ड स्कोर्ट पार्टी द्वारा काशीपुर में ऑन डयूटी बीट स्टाफ कांस्टेबल नवीन चन्द्र भटट को सुपुर्द किया गया। बैग को चेक किया तो उसे पहनने के इस्तेमाली कपडे, दो जोडी अंगूठी सोने की, एक मंगल सूत्र सोने का, एक जोडी कान की झूमकी सोने की, दो जोडी कान के कुन्डल सोने के, एक जोडी पायल चांदी की तथा नकद रु 500 मिला। बताया गया कि थोड़ी देर बाद एक व्यक्ति सूरज पाल सिंह पुत्र नेत्र पाल सिंह निवासी तेलीपुरा रोड राजा प्लस कॉलोनी थाना कोतवाली रामनगर जिला नैनीताल पोस्ट पर आये और बैग के बारे में पूछताछ किया (शेष पृष्ठ सात पर)



## सुनार की दुकान में घुसकर गर्दन में मारा चाकू

### पिता, दो पुत्रों पर मारपीट, चैन लूटने का आरोप

सितारगंज(उद संवाददाता)। नगर के किच्छा मार्ग स्थित एक ज्वैलर्स की दुकान में घुसकर पिता और दो पुत्रों ने सुनार की गर्दन पर चाकू से वार कर घायल कर दिया। हमले में सुनार और उसके पिता गंभीर रूप से घायल हुए हैं। आरोपियों पर सुनार के गले से सोने की चेन लूटने का भी आरोप है। पुलिस ने घायलों का सरकारी अस्पताल में उपचार कराया है। मामले में अभी मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। नगर के किच्छा रोड में राजू रस्तोगी पुत्र मोहनलाल निवासी वार्ड आठ की सुनार की दुकान है। शुक्रवार की शाम एक आरोपी दुकान में जबरन घुस गया। उसने राजू के 5 वर्षीय पुत्र को पीटना शुरू कर दिया, जिसका राजू ने विरोध किया, आरोप है कि इस दौरान वह अपने भाई और पिता को बुला लाया, तीनों आरोपियो ने राजू को दुकान में पकड़ लिया। इस दौरान एक ने राजू की गर्दन पर चाकू से वार कर दिया। चाकू से राजू की गर्दन आंशिक रूप से कट गई है। पीड़ित के चिल्लाने पर उसके पिता मोहनलाल मौके पर पहुंच गए। उन्होंने हमलावरों से राजू को बचाने का प्रयास किया तो हमलावरों ने उसके पिता पर बेल्ट और डंडो से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलों का सरकारी अस्पताल में उपचार कराया गया है। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियो के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।



## चीनी मिल संचालन को लेकर किसानों की जीएम से नोक झोंक

### हंगामे के बाद चार अप्रैल तक चीनी मिल चलाने का लिया गया निर्णय

सितारगंज(उद संवाददाता)। खटीमा क्षेत्र के गन्ना किसानों के आक्रोश के बाद चीनी मिल को चार अप्रैल तक चलाने का निर्णय लिया है। शुक्रवार को खटीमा क्षेत्र के गन्ना किसान सितारगंज चीनी मिल पहुंच गये। किसान आयोग के उपाध्यक्ष राजपाल सिंह भी गन्ना किसानों की शिकायत मिलने पर चीनी मिल पहुंचे। शुक्रवार की देर रात्रि मिल बंद करने का निर्णय ले चुके मिल प्रबंधक राजीव लोचन शर्मा को किसानों के आक्रोश का सामना करना पड़ा। इस दौरान किसानों से मिल प्रबंधक की तीखी नोंकझोंक हुई। किसानों के कहा कि खटीमा क्षेत्र में अभी एक लाख कुंतल से अधिक गन्ना बकाया है। प्रधान प्रबंधक ने मिल बंद के दो नोटिस जारी कर सेंटरों से कर्मचारी वापस बुला लिये हैं। ट्रासपोर्ट सुविधा भी बंद कर दी है। किसान आयोग के उपाध्यक्ष राजपाल सिंह ने गन्ना सचिव विजय यादव, गन्ना आयुक्त हंसादत्त पाण्डे, डीएम युगल किशोर पंत से दूरभाष पर वार्ता कर गन्ना किसानों की समस्या से अवगत कराया। किसान आयोग के उपाध्यक्ष ने चार अप्रैल की सायं तक मिल चलाने के लिए उच्चाधिकारियों से अनुरोध किया। अफसरों से वार्ता के बाद जिला गन्ना अधिकारी बताया कि करीब 50 हजार कुंतल गन्ना सेंटरों पर है। प्रबंधक राजीव लोचन शर्मा ने बताया कि गन्ना सचिव खटीमा ने 27 मार्च को अवगत कराया था कि डेढ़ लाख कुंतल खटीमा में अवशेष है। प्रधान प्रबंधक ने बताया कि सचिव के पत्र मिलने के बाद 50 हजार कुंल गन्ने की आपूर्ति हो चुकी है। शेष गन्ना मिल में पहुंचने तक पेराई सत्र चलता रहेगा। नो केन होने पर मिल का पेराई सत्र समाप्त होगा




**रस्म पगड़ी**



बड़े दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्यनीय माताजी **श्रीमती विमला देवी जी**, धर्मपत्नी स्व. श्री राधेश्याम गोयल जी का स्वर्गवास दिनांक 22.03.2023 दिन बुधवार को हो गया है, उनकी आत्मिक शांति के लिए **रस्म पगड़ी एवं श्रद्धांजलि सभा दिनांक 02.04.2023, रविवार** समय 3 से 4 बजे **पांच मंदिर मेन मार्केट, रूद्रपुर** में होगी।

**शोकाकुल परिवार**

बीना-अरविन्द(पुत्री-दामाद)
मन्जू-महेश (पुत्री-दामाद)
अन्जू-अनिल (पुत्री-दामाद)
प्रोमिला-प्रमोद (पुत्री-दामाद)
सोनू-कुलदीप (पुत्री-दामाद)
मिनाक्षी-राहुल (पुत्री-दामाद)
निधि-राकेश (पुत्री-दामाद)

गुलशन-सविता(पुत्र-पुत्रवधु)
निखिल-शालिनी(पुत्र-पुत्रवधु)
घनश्याम-कमलेश(देवर-देवरानी)
राजेश-रूची (भतीजा-बहु)
अनिल-किरन (भतीजा-बहु)
केशव,माधव(पौत्र),
स्वाती,मेधांशी(पौत्री)

आर.एस.ट्रैडर्स,घनश्याम किराना स्टोर,श्री बालाजी ट्रैडर्स (भल्ला,गली, रूद्रपुर)
के.आर.ए.एण्ड कम्पनी (दिल्ली), 997268184, 9012164539

# मसूरी में सड़क किनारे खड़े पांच वाहन मलबे में दबकर क्षतिग्रस्त



मसूरी। करीब 20 घंटे तक लगातार चली बारिश के दौरान मसूरी के भीड़भाड़ वाले क्षेत्र लाइब्रेरी बाजार स्थित होटल सेवॉय का पुश्ता गिरने से सड़क पर खड़े पांच वाहन मलबे में दब गए। संयोग यह रहा कि बारिश होने के चलते मार्ग पर लोगों की आवाजाही नहीं हो रही थी, जिससे बड़ी जनहानि बच गई। जिस जगह पुश्ता गिरा, वहां सामान्य दिनों में भीड़भाड़ के साथ ही वाहनों की रेलमपेल रहती है। बारिश का पानी रिसने के कारण पुश्ता ढहना कारण माना जा रहा। पुलिस बल तथा अग्निशमन की टीम ने घटनास्थल पहुंचकर मलबा हटाकर यातायात सुचारू कराया। मसूरी में गुरुवार रात करीब नौ बजे से तेज बारिश जारी रहने से शुक्रवार सुबह से दोपहर तक जनजीवन पूरी तरह प्रभावित रहा। इस बीच दोपहर में लाइब्रेरी बाजार के गांधी चौक से लगभग 250 मीटर आगे हैप्पीवैली रोड पर महर्षि बाल्मिकी मंदिर व कैंपटी स्टैंड के बीच होटल सेवॉय का पुश्ता भरभरा कर गिर गया। इसके कारण हैप्पीवैली रोड व ओएसिस-वैवरली पुराने मार्ग पर सड़क किनारे खड़े पांच वाहन मलबे में दबकर क्षतिग्रस्त हो गए। कैंपटी टैक्सी स्टैंड कार्यालय में मौजूद प्रत्यक्षदर्शी टैक्सी संचालकों ने बताया कि दोपहर करीब सवा दो बजे तेज आवाज के साथ पुश्ता गिरने से अफरा तफरी मच गई। पुश्ता होटल सेवॉय के उत्तर दिशा के हिस्से में था, जिससे करीब पचास फीट का हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है। पुश्ता गिरने का कारण अंदर मिट्टी का भराव किया जाना तथा लगातार हो रही बारिश के मिट्टी में पानी का रिसाव होना बताया जा रहा। पुश्ते के ऊपर बना होटल सेवॉय के टिन शेड का आधा हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। पुश्ता ढहने से होटल के कुछ कमरों को भी खतरा पैदा हो गया है। घटना की सूचना मिलने पर एसडीएम नंदन कुमार, पालिकाध्यक्ष अनुज गुप्ता व अधिशासी अधिकारी राजेश नैथानी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शाम करीब पौने चार बजे जेसीबी के जरिये मलबा हटाने का काम शुरू कराया गया। पुश्ते की जद में आने से गौरव शर्मा, दयाल सिंह, गजे सिंह, महावीर सिंह तथा चरन सिंह के वाहन क्षतिग्रस्त हुए। लाइब्रेरी-हैप्पीवैली मार्ग पर अमूमन पूरे दिन यातायात का काफी दबाव रहता है और अकसर यहां जाम लगा रहता है। बारिश होने के कारण सामान्य आवाजाही नहीं हो रही थी। यही कारण रहा कि जिस वक्त पुश्ता गिरा, तब आवाजाही न होने से बड़ी जनहानि टल गई। पुश्ते की चपेट में आने से ऊर्जा निगम की 1100 वोल्ट की विद्युत लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे आसपास के क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति ठप रही।

# भारी बारिश से नाले में पलट गयी बस, यात्रियों को बचाया

नैनीताल। उत्तराखंड में शुक्रवार को भारी बारिश के बाद रामनगर के टेढ़ा गांव के तिलमठ मंदिर के पास एक बस बरसाती नाले में बह गई और पलट गई। बस के बहते ही वहां चीख पुकार मच गई। यात्री बस के बहते ही किसी तरह उसके ऊपर चढ़ गए। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। तब पुलिस और फायर बिग्रेड की टीम ने सभी यात्रियों को सकुशल बस से बाहर निकाला। गनीमत रही कि किसी भी यात्री को गंभीर चोटें नहीं आई। सभी को तिलमठ मंदिर में ले जाया गया। तहसीलदार विपिन चंद्र पंत ने बताया कि बस दोपहर करीब ढाई बजे रामनगर से डोन परेवा के लिए निकली थी।



लगातार हो रही बारिश से बरसाती नाला अचानक उफान पर आ गया और बस अनियंत्रित होकर पहले बही फिर पलट गई। उधर, मौसम विज्ञान केंद्र ने खराब मौसम को लेकर ओरेंज अलर्ट जारी किया है। राज्य में अगले 24 घंटे के दौरान बारिश, बर्फबारी, ओलावृष्टि और बिजली गिरने के आसार हैं। बुलेटिन के अनुसार, कुमाऊं मंडल में बागेश्वर, पिथौरागढ़ के 3500 मीटर से ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हो सकती है। इसके अलावा 40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकतीं हैं।

# एंबुलेंस में शराब की तस्करी करते चार लोग गिरफ्तार

देहरादून(उद संवाददाता)। एंबुलेंस में शराब की तस्करी कर रहे चार लोगों को पुलिस ने चेकिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये आरोपियों में एक महिला तस्कर भी शामिल है। आरोपी महिला को मरीज बनाकर एंबुलेंस में शराब की तस्करी करके ले जा रहे थे। रात्रि रानीपोखरी थाने के सामने देहरादून से आने वाले वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। रात्रि 12:30 बजे देहरादून की तरफ से तेजी से एक एंबुलेंस लगातार सायरन बजाकर आ रही थी। जबकि रात्रि के समय



पूरा मार्ग खाली था, जिस पर शक होने पर एंबुलेंस को रोका गया। तो एंबुलेंस में गत्ते की पेटियां भरी थी जिसके ऊपर महिला को लिटाया गया था। पेटियों को खोल कर चेक किया तो उसमें अवैध देसी की कुल 20 पेटियां (960 पव्वे जाफरान देसी मसालेदार शराब) बरामद हुए। जिस पर रवीना भटनागर निवासी ऋषिकेश, अभिषेक निवासी ऋषिकेश, प्रिंस सन निवासी ऋषिकेश, सनी निवासी ऋषिकेश को 20 पेटी (960 पव्वे) अवैध देसी शराब जाफरान के साथ गिरफ्तार किया गया। रानीपोखरी थाना प्रभारी शिशुपाल राणा ने बताया कि महिला सहित एंबुलेंस चालक व एंबुलेंस में सवार दो अन्य व्यक्तियों को अवैध शराब की तस्करी करने के जुर्म में गिरफ्तार किया गया। बताया की चारो अभियुक्त ऋषिकेश निवासी है और पूर्व में भी महिला के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत है।

# अवैध शराब के साथ एक तस्कर दबोचा

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 50 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ शराब तस्कर को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत दफा 60 में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक को भी सीज किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी के निर्देशन में थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव एस आई दीवान बिष्ट ने पुलिस टीम के साथ नशे के खिलाफ अभियान चलाया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि शराब तस्कर बाइक पर शराब की तस्करी करने जा रहा है। थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव ने अपनी टीम के साथ संघन चेकिंग अभियान चलाया। शराब तस्कर पुलिस के वाहन को देखकर मुड़कर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने प्राथमिक



विद्यालय खैरना से घेराबंदी कर दर दबोच। पुलिस ने तलाशी लेने पर शराब तस्कर के पास काले रंग की रबड़ युटुब में 50 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सतपाल सिंह पुत्र बूटा सिंह ग्राम बिडौरा मझोला बताया पुलिस ने घटना में प्रयुक्त की गई बाइक यू ए 06 ई 2592 को भी अपने कब्जे में लेकर सीज किया। पुलिस ने शराब तस्कर के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत दफा साथ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इधर पुलिस शराब तस्कर का अपराधिक इतिहास खंगालने में जुट गई है। थानाध्यक्ष बताया कि नशे के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। पकड़ने वाली टीम में थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव दीवान सिंह बिष्ट नवीन जोशी लोकेश तिवारी नवीन बमेठा आदि पुलिस कर्मी मौजूद थे।

# केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने किया एम्स का औचक निरीक्षण

ऋषिकेश(उद संवाददाता)। गढ़वाल मंडल के भ्रमण के पश्चात शुक्रवार की देर रात अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ऋषिकेश के अतिथि गृह पहुंचे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने देर रात एम्स ऋषिकेश का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एमबीबीएस के छात्रों के साथ चर्चा भी की। उन्होंने इमरजेंसी और ट्रामा में भर्ती मरीजों का हाल जाना और एम्स की ओर से प्रदान की जा रही सुविधाओं के बाबत बात की। शनिवार की सुबह वह दिल्ली के लिए रवाना हुए। ऋषिकेश से सड़क मार्ग के जरिए वह जौली ग्रांट एयरपोर्ट पहुंचे, सुबह 8:00 वह फ्लाइट के जरिए दिल्ली के लिए रवाना हुए। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं



परिवार कल्याण मंत्री डा. मनसुख मांडविया शुक्रवार की देर रात गढ़वाल मंडल के भ्रमण के पश्चात सड़क मार्ग के जरिए एम्स ऋषिकेश पहुंचे थे। अतिथि गृह में कुछ पल ठहरने के बाद वह रात में ही एम्स के निरीक्षण पर निकल गए। उन्होंने आधी रात को ही एम्स ऋषिकेश का दौरा किया। उन्होंने इमरजेंसी और ट्रामा सेंटर में मरीजों से हाल जाना। उन्होंने देर रात तक सभी व्यवस्थाओं का लिया जायजा। आधी रात में हॉस्टल मेस में एम्स ऋषिकेश के एमबीबीएस स्टूडेंट्स के साथ की चाय पर चर्चा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने इस दौरान अमृतकाल में देश के विकास में योगदान के लिए संदेश दिया। सूबे के स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत, चिकित्सा अधीक्षक डा. संजीव मित्तल, डा. विनोद कुमार आदि उनके साथ मौजूद रहे। नगर निगम की महापौर अनीता ममगाईं भी मौजूद रही।

# गोकुल से श्री कृष्ण की विदाई की कथा सुन श्रद्धालु हुए भाव विभोर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। यहां सिंह कालोनी गली नंबर एक में स्थित श्री श्री शनि देव मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के अंतिम दिन कथा व्यास श्याम भाई जी महाराज ने भगवान श्री कृष्ण जी की लीलाओं का सुंदर वर्णन किया। जिसे सुनकर उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालु भावविभोर हो गए। कथा व्यास श्री श्याम भाई जी महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा सुनाते हुए कहा कि राजा कंस के आदेश पर अक्रूर श्री कृष्ण जी को लेने के लिए मथुरा से गोकुल के लिए रवाना हुए। जब श्री कृष्ण को यह संदेश मिला कि उन्हें ले जाने के लिए कंस का आदेश हो गया है तो वह मंद मंद मुस्कुराने लगे। साथ ही उन्होंने गोकुलनगरी से विदाई की तैयारियां भी शुरू कर दी। इधर जब गोपियों व गोकुलवासियों को इस बात का पता चला तो वह दौड़े दौड़े श्री कृष्ण जी के पास आ पहुंचे। श्री कृष्ण जी ने सबको समझाया और उन्हे विदाई देने के लिए राजी किया। कथा व्यास श्याम भाई जी ने कहा इसके बाद भगवान श्री कृष्ण जी महाराज ने गोपियों व गोकुलवासियों के साथ रास लीलाएं की। विदाई के समय सारे गोकुलवासियों की आंखों से झमाझम आंसू बहने लगे। उन्हें देखकर श्री कृष्ण भी खुद को नहीं रोक पाए



और उन्होंने सभी को गले से लगा लिया। तत्पश्चात श्री कृष्ण जी महाराज गोकुल नगरी से मथुरा के लिए रवाना हुए। यह कथा सुनकर उपस्थित श्रद्धालुओं की आंखों में भी आंसू भर आए। श्रीमद् भागवत कथा सुनने के लिए सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कथा के दौरान कथा व्यास श्याम भाई जी महाराज द्वारा भजन भी सुनाए गए जिन्हें सुनकर सारे श्रद्धालु भक्ति में मग्न हो गए। कथा के समापन पर आरती की गई और उसके पश्चात प्रसाद वितरित किया गया। साथ ही उपस्थित श्रद्धालुओं को भंडारा प्रसाद भी वितरण किया गया। इस मौके पर कार्तिक मंडल, देवू मंडल, पारुल मंडल, चौताली मंडल, प्रीति मंडल, गोबिंद राय, केके दास, प्रियंका मंडल, हृदय मंडल, श्यामल राय, आशा सरकार, गणेश सरकार, उत्तम अधिकारी, देव दास सरकार, भानु विश्वास, जमुना सरकार, पूर्णिमा मिस्त्री, सरोराय, शिखा मण्डल, अजन्ता मंडल, डा. ईश्वर मल्लिक, काशीनाथ हाजरा, गीता सरकार, दीपाली डे, सन्तोष सरकार, सुबल मंडल, पुलिन शील, सुमति गांगुली, आरजू दास, तारा गोलदार, गौतम घरामी, रमेन मण्डल, गोविन्द सरकार अमित सरकार, उषा मण्डल, सुषमा राय, मुकेश मालाकार, आयना सरकार, पार्वती सेन, सुव्रत सरकार, विष्णु सरकार, दिपंकर साना, असीम सरकार, विभा विश्वास, माधुरी मण्डल, सुनीता साना, श्याम सरकार, तपन सरकार, भागीरथी सरकार, पुष्पा सरकार, मनी मंडल, तपन विश्वास, रमेन मंडल, श्यामली सरकार, कविता मंडल, देवदास सरकार, माया चक्रवर्ती, साधना दास, सपन साना, विश्वजीत मजूमदार, गायत्री हालदार, मधु सरकार, सुनीता हालदार, अमित सरकार, रेनू साना, परेश मेहरा, आरती सरकार, सरस्वती सरकार, मंजू मिस्त्री, विश्वजीत मजूमदार, विवेक गुप्ता व मुकेश मालाकार सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

# ऑनलाइन सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में करन रहे अव्वल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय रामगढ़ नैनीताल में राजनीति विज्ञान विभागीय परिषद द्वारा भारतीय संविधान एवं राजव्यवस्था ष विषय पर एक ऑनलाइन सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय में अध्ययनरत बीए द्वितीय वर्ष एवं बीए द्वितीय सेमेस्टर के कुल 26 छात्रों ने ऑनलाइन जुड़कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता



में विषय से जुड़े 25 बहुविकल्पीय प्रश्नों की एक श्रृंखला प्रस्तुत की गई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान करन नेगी बीए द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान करन मेर बीए द्वितीय वर्ष एवं तृतीय स्थान निशा आर्या बीए द्वितीय सेमेस्टर ने प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक प्रो. एचएस नयाल ने की। क्विज प्रतियोगिता का आयोजन एवं संचालन श्रीमती नीमा पन्त किया।

अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डैंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतों का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
B.D.S.,PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
B.D.S.,(Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
Opp.Prabal Enclave,Near ICON School,SidculBigwara Road (Rudrapur) Mo-9837081085 , 9997327642

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

मकान बिकाऊ है
15 x 45 का एक मकान ( रजिस्ट्रीशुदा ) शांति कालोनी निकट अग्रसेन अस्पताल रूद्रपुर में बिकाऊ है।
-सम्पर्क करें-
मो. 8191024718

# धार्मिक अनुष्ठानों के साथ महानाम संकीर्तन प्रारंभ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री श्री शनि देव महाराज जी की वार्षिक पूजा कार्यक्रम के तहत आज प्रात: सिंह कालोनी गली नम्बर एक स्थित श्री श्री शनि देव महाराज जी के मंदिर तथा



आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी में स्थित श्री श्री शनि देव महाराज जी के मंदिर में आज प्रात: छह बजे से धार्मिक अनुष्ठानों के साथ अष्टम प्रहार महानाम संकीर्तन एवं भंडारा का शुभारंभ हुआ। जिसमे आमंत्रित कीर्तन मंडलियों मियापुर उत्तर प्रदेश की राधे राधे संप्रदाय, दिल्ली की श्री राम संप्रदाय, उड़ीसा की घनश्याम संप्रदाय, धर्मनगर की हरि गोपाल संप्रदाय तथा पिपलिया नम्बर दो की राधा रमन संप्रदाय कीर्तन मंडलियों द्वारा क्रमवार ढोलक मंजीरों के साथ संकीर्तन किया गया। जिसे सुनकर उपस्थित भक्तजन भक्ति में पूरी तरह से मग्न हो गए। जिसके बाद दोपहर एक बजे से दोनों ही श्री शनि देव महाराज जी के मंदिरों में श्री श्री शनि देव महाराज जी की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। महानाम संकीर्तन का कल दो अप्रैल को प्रात: छह बजे समापन होगा। इस दौरान कार्तिक मंडल, देवू मंडल, पारुल मंडल, चौताली मंडल, प्रीति मंडल, गोबिंद राय, प्रियंका मंडल, हृदय मंडल, श्यामल राय, आशा सरकार, गणेश सरकार, उत्तम अधिकारी, देव दास सरकार, सुभाष मंडल, भानु विश्वास, जमुना सरकार, पूर्णिमा मिस्त्री, सरोराय, शिखा मण्डल, अजन्ता मंडल, डा. ईश्वर मल्लिक, काशीनाथ हाजरा, गीता सरकार, दीपाली डे, सन्तोष सरकार,सुबल मंडल, पुलिन शिल, सुमति गांगुली, आरजू दास, तारा गोलदार, गौतम घरामी, रमेन मण्डल, गुरु चांद, राहुल, गोविन्द सरकार अमित सरकार, उषा मण्डल, सुषमा राय, मुकेश मालाकार, पूर्णिमा विश्वास, सीमा विश्वास, ठाकुर दासी, रीना सरकार, माया बैरागी, शिल्पी सरकार, राधा अधिकारी, लक्ष्मी मंडल, आयना सरकार, पार्वती सेन, सुब्रत सरकार, विष्णु सरकार, दिपंकर साना, असीम सरकार, विभा विश्वास, माधुरी मण्डल, सुनीता साना, श्याम सरकार, तपन सरकार, मनी मंडल, तपन विश्वास, रमेन मंडल, श्यामली सरकार, कविता मंडल, देवदास सरकार, सपन साना, विश्वजीत मजूमदार, गायत्री हालदार, मधु सरकार, सुनीता हालदार, अमित सरकार, विवेक गुप्ता व मुकेश मालाकार सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

# डीएम ने किया ट्रेजरी कार्यालय का निरीक्षण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने शुक्रवार को वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन ट्रेजरी कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया। डीएम ने सभी पटलों के कार्यो की जानकारी ली। अलमारियों में रखे अभिलेखों की जांच की। डबल लॉक में अभिलेखों, स्टाम्प सहित अन्य रजिस्टरों की जांच की गई। स्टाम्प सम्बन्ध में जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने डबल लॉक निरीक्षण के दौरान कोर्ट फीस टिकट, कोर्ट फीस स्टांप सहित विभिन्न प्रकार के स्टाम्प की जानकारी लेते हुए रेंडमली विभिन्न स्टांप पैकेट्स की जांच की। उन्होंने पैड लॉक, बहुमूल्य



वस्तुओं व अन्य रजिस्टर की भी गहनता से जांच की। इस दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न पटलों का निरीक्षण कर, महत्वपूर्ण दिशाख्रनिर्देश संबंधितों को दिए। निरीक्षण के दौरान अलमारी में कौन सी पत्रवलिया रखी गई हैं, पुरानी पत्रावलियों के बस्तों पर विषय और वर्ष अंकन चिट चस्पा पाए जाने आदि सभी व्यवस्थाएं सही पाई गई। निरीक्षण के दौरान मुख्य कोषाधिकारी डॉ.पंकज कुमार शुक्ल, आईएएस ट्रेनी अनामिका, उप जिलाधिकारी प्रत्युष सिंह, कोषाधिकारी जुबक मोहन सक्सैना,सहायक कोषाधिकारी कमलेश चंद, अजय कुमार, राजीव वर्मा, लेखाकार दिनेश कुमार सिंह, केपी थपलियाल, मोहित पंत आदि मोजूद थे।

# मुआवजे के लिए किसानों ने डीएम को भेजा ज्ञापन

गदरपुर(उद संवाददाता)। बेमौसमी बरसात ओलावृष्टि और तेज आंधी की चपेट में आकर गदरपुर ब्लॉक क्षेत्र में गेहूं की तैयार फसल पूर्ण रूप से



बर्बाद हो जाने पर भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह मक्कड़ के नेतृत्व में किसानों ने तहसील मुख्यालय पहुंचकर तहसीलदार महोदय को एक ज्ञापन सौंपा। जिला उधम सिंह नगर के जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन में भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह मक्कड़ ने बताया कि बेमौसम लगातार बरसात में ओलावृष्टि से गेहूं की तैयार फसल के अलावा आम, लीची एवं अन्य फलों के बागान भी बर्बाद हो चुके हैं जिसके कारण किसान पूर्ण रूप से आर्थिक रूप से टूट चुका है। ज्ञापन के माध्यम से तहसील गदरपुर के क्षेत्र अंतर्गत समस्त किसानों को उपरोक्त नुकसान की भरपाई हेतू 20000 प्रति एकड़ तथा 50000 प्रति हेक्टेयर की दर से मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि किसान अपने परिवार का भरण पोषण करते हुए आगामी धान की फसल की बुवाई भी कर सकें इसलिए अधिक से अधिक मुआवजा अतिशीघ्र प्रदान किया जाए। इससे पूर्व मंडी समिति सभागार में मंडी समिति अध्यक्ष सुभाष कुमार की मौजूदगी में एक बैठक में प्रस्ताव पास किए गए। इस मौके पर सरदार हरभजन सिंह, अशोक सेठी ,विनोद गुंबर , नूर ए आलम ,गुरमीत सिंह ,वीरेंद्र सिंह ,अशोक कक्कड़, महेंद्र गाबा, बलिहार सिंह, राजकुमार मक्कड़, मोहम्मद उस्मान ,प्रीत सिंह ,जगदीप सिंह सहित तमाम किसान मौजूद रहे ।

# दो दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट शुरू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के पिता स्वर्गीय खानचंद ठुकराल की स्मृति में वार्ड नं 36 आदर्श कालोनी स्थित बुध पार्क में दो दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शुभारम्भ मुख्य अतिथि किच्छा के पूर्व विधायक विधायक राजेश शुक्ला, मेयर रामपाल ,सिंह पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल भाजपा नेता उत्तम दत्ता और भाजपा नेता अनिल चौहान ने संयुक्त रूप से किया। अतिथियों ने सर्वप्रथम बाबा



साहब डा. भीमराव अम्बेडकर जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात फीता काटकर टूर्नामेंट का शुभारम्भ किया एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि खेलों का जीवन में अहम योगदान है। खेल शारीरिक और मानसिक विकास में के लिए जरूरी है। खेलों से जहां शरीर स्वस्थ रहता है वहीं खेल आपसी सदभाव भी बढ़ाते हैं। खेलों से जीवन में अनुशासन की भावना का भी विकास होता है। इस अवसर पर आयोजन कमेटी के संयोजक महेन्द्र आर्या ने बताया कि दो दिवसीय टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग ले रही हैं। टूर्नामेंट का समापन रविवार को होगा। विजेता टीम को 11 हजार और उपविजेता टीम को 7 हजार की पुरस्कार राशि प्रदान की जायेगी। इस अवसर पर सरदार साहब सिंह, पार्षद रंजीत सागर,जितेन्द्र यादव,भुवन गुप्ता,राकेश सिंह,अजय यादव, संजय ठुकराल बंटी कोली,पूर्व पार्षद महेन्द्र आर्या,मोंटी खेड़ा,कमल राणा, विक्रम बिष्ट,संजय आर्या, अखलेश शर्मा,गौरव खुराना आदि मौजूद रहे।

# भव्यता से आयोजित होगा कुर्मांचल अर्धकुंभ

कपकोट (उद संवाददाता)। पूर्व राज्यपाल और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी और क्षेत्रीय विधायक सुरेश गढ़िया के गत 18 मार्च के भ्रमण के बाद भद्रतुंगा में प्रस्तावित कुर्मांचल अर्द्धकुम्भ की तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है। यहां भूमि समत लीकरण कार्य शुरू हो



चुका है। इस अनुष्ठान की सूचना मिलने से देश के विभिन्न मठों में रह रहे संत महात्मा अपनी तैयारी करने लगे हैंस इस कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए सरयू घाटी के जनप्रतिनिधि अपने स्तर से तैयारी में जुटे हैं,मुहूर्त निकालकर कार्यक्रम के शुभारंभ की तिथि शीघ्र घोषित होने वाली है।श्री स्वामी रामानन्द संत आश्रम भद्रतुंगा सरमूल के तत्वावधान में अप्रैल अंतिम सप्ताह से भद्रतुंगा में 11दिनी कुर्मांचल अर्द्धकुम्भ का आयोजन हो रहा है। अनुष्ठान में हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद हैस इसके लिए भूमि समतलीकरण मुख्य समस्या बनी थीसजिसे पूरा कर लिया गया है, उन्होंने आश्रम के श्री संत देवानंद महराज से कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त कीसदेवानंद महराज ने बताया की आठ अप्रेल को श्री श्री 1008 महा मंडलेश्वर स्वामी अभिराम दास आ रहे हैंस वह यहाँ की व्यवस्थाओं का अध्ययन कर अनुष्ठान के शुभारंभ की तिथि घोषित करेंगेस बताया कि मैदान में तीन हजार लोगों कि क्षमता का एक पंडाल और पांच या 11 कुण्डीय यज्ञशाला भोजनशाला और अस्थाई शौचालयों का निर्माण होना है। सरयू और पिंडर घाटी के गाँवो के श्रद्धालु बारी बारी से अपनी सेवा और भंडारा देंगे। जो श्रद्धालु अलग अलग अलग दिवसों में अपनी तरफ से भंडारे की सेवा देंगे उनका भी स्वागत होगा। हवन यज्ञ के प्रतिदिन यजमान नियुक्त होंगे स उन्होंने सभी से पहली बार आयोजित होने वाले कुर्मांचल अर्द्धकुम्भ को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए तन, मन और धन से सहयोग करने की अपील की है। वहाँ सनातन सेवा समिति के अध्यक्ष रमेश गढ़िया, सचिव गणेश चंद्र उपाध्याय, जिपं सदस्य और भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष प्रभा गढ़िया, प्रबंधक गढ़िया,कमल कुमाल्टा, ग्राम प्रधान नरेंद्र टाकुली और खीम बाबा थे।

# अपने मित्र को बचाने के लिए लोकत्रंत की हत्या करने पर तुले पीएम मोदी: टम्टा

बागेश्वर(उद संवाददाता)। कांग्रेस के पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने परम मित्र अडानी को बचाने के लिए लोकतंत्र की हत्या करने में तुले हैं। अडानी के बारे में सवाल पूछने पर राहुल गांधी को निशाना बनाया जा रहा है, लेकिन देश की जनता अब सब समझने लगी है। लोकतंत्र बचाने के लिए कांग्रेस वह सबकुछ करेगी जो देश हित के लिए उपर्युक्त होगा,सत्ता जनता की जनता को बरगलाकर झूठे आश्वाशन से देश को महंगाई ,विरोजगारी, भृस्टाचार की मार में धकेलने वाली केंद्र सरकार के काले सच को कांग्रेस आम जनता में लाकर मजबूत विपक्ष की भूमिका का निर्वहन करेगी, पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में टम्टा ने कहा कि अडानी की कंपनियों में 20 हजार करोड़ है। अडानी इस पैसे को खुद कमा नहीं सकता है। क्योंकि वह इंफ्रास्ट्रक्चर बिजनेश में है। यह पैसा कहां से आया। किसका काला धन है इसकी जानकारी लोगों को होनी



चाहिए। राहुल गांधी ने संसद में इसी तरह के सवाल किए। उनकी सदस्यता रद कर केंद्र सरकार ने लोकतंत्र की हत्या करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के केंद्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की ओबीसी समुदाय का अपमान करने की घटना चाल हुई है। राहुल ने गत दिनों भारत जोड़ो यात्रा की। इस यात्रा को लोगों का अपार सहयोग मिला। इसे केंद्र सरकार पचा नहीं पा रही है। देश की जतना अब मोदी के मंशूबों को समझने लगी है। इसका परिणाम भी उन्हें भविष्य में मिलने लगेंगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष भगवत डसीला,पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, हरीश ऐठानी, लोकमणि पाठक, कवि जोशी,लक्ष्मी धर्मशक्तू, आदि मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी को दिया चार धाम यात्रा पर आने का निमंत्रण

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने पीएम मोदी से की मुलाकात

देहरादून(उद संवाददाता)। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने शुक्रवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से



मुलाकात की है। लगभग 40 मिनट की इस मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड में केंद्र व राज्य सरकार के सहयोग से हो रहे विकास कार्यों के साथ ही राजनीतिक व सांगठनिक विषयों को लेकर विस्तार से जानकारी ली। भट्ट के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी ने विशेष तौर पर वाइब्रेंट विलेज योजना में शामिल उत्तराखंड के सीमांत क्षेत्र के गांवों में हो रहे कार्यों और वहां केंद्रीय मंत्रियों के दौरों के साथ ही जोशीमठ आपदा के बारे में जानकारी ली। भट्ट के अनुसार उन्होंने प्रधानमंत्री को अवगत कराया कि वाइब्रेंट विलेज योजना का लाभ चारधाम यात्रा में रिकार्ड यात्रियों की संख्या के रूप में मिलने जा रहा है। इसमें एक बड़ी संख्या सीमा दर्शन करने के इच्छुक पर्यटकों की होने वाली है। साथ ही यह भी बताया कि चमोली जिले में यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव टिम्मरसैंण महादेव मंदिर होने वाला है। उन्होंने बदरीनाथ, केदारनाथ धामों के पुनर्निर्माण के साथ ही केदारनाथ व हेमकुंड साहिब के लिए रोपवे और मानसखंड मंदिरमाला मिशन के तहत देवालयों तक सुगम यात्रा के दृष्टिगत केंद्र सरकार की मदद के लिए प्रधानमंत्री के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि प्रधानमंत्री ने चारधाम यात्रा की तैयारियों के साथ ही बदरीनाथ धाम के मास्टर प्लान और केदारनाथ धाम के पुनर्निर्माण से संबंधित कार्यों की प्रगति का ब्योरा भी लिया। भट्ट ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री को चारधाम यात्रा पर आने का निमंत्रण भी दिया। साथ ही जोशीमठ के आपदा प्रभावितों के पुनर्वास कार्यों में केंद्रीय मदद और राज्य द्वारा अपेक्षित पुनर्वास पैकेज पर सहमति देने के लिए प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताया। मुलाकात के दौरान भट्ट ने प्रधानमंत्री को केदारनाथ मंदिर की माला, बदरीनाथ धाम का चित्र व अंगवस्त्रम के साथ ही देवप्रयाग से लाया गया गंगाजल भेंट किया।

# स्वामी विवेकानंद सेवा संस्थान के बच्चों ने राज्यपाल से की मुलाकात

देहरादून(उदसंवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शुक्रवार को राजभवन में स्वामी विवेकानंद सेवा संस्थान के बच्चों ने मुलाकात की। इस अवसर पर राज्यपाल सभी बच्चों से बेहद आत्मीयता से मिले और उन्होंने बच्चों से संवाद किया। बच्चों से संवाद करते हुए राज्यपाल ने उनके शौक(भ्वइइल) के बारे में पूछा जिनका सभी बच्चों ने बेहद उत्सुकता के साथ जवाब दिए। राज्यपाल से मिलकर सभी बच्चे बेहद खुश नजर आए। इस दौरान राज्यपाल ने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि हमेशा ऊंचे सपने देखें और उन्हें पूरा करने के लिए दृढ़ निश्चय, आत्मानुशासन और आत्मविश्वास पर हमेशा जोर दें। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए आत्म अनुशासन और समय का सदुपयोग बेहद जरूरी है। राज्यपाल ने कहा कि सभी बच्चे एक अच्छा नागरिक बन कर राष्ट्र समाज व जनहित में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में समय के साथ चलना बेहद जरूरी है इसके लिए बच्चों को अभी से ही आधुनिक तकनीकों को अपनाने पर जोर देने को कहा। बच्चे भविष्य की चुनौतियों के लिए सदैव तैयार रहें। उन्होंने कहा कि जिस किसी भी क्षेत्र में जाएं उसमें अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने की कोशिश करें। अपने अन्दर की प्रतिभा को पहचाने और हमेशा उसे निखारने का प्रयास करते रहें।राज्यपाल ने कहा कि अमृत काल के आने वाले 25 सालों में आप सभी बच्चे देश एवं प्रदेश का नेतृत्व करेंगे। विकसित भारत में आपका बेहद महत्वपूर्ण योगदान होगा। उन्होंने कहा कि आप सभी बच्चों के योगदान से ही उत्तराखण्ड और भारत सर्वश्रेष्ठ स्थान पर होगा। राज्यपाल ने सभी बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बच्चों के अध्यापकगण और संस्थान के सचिव गुलशन माकिन उपस्थित रहे।



# दि एनाटॉमी ऑफ साइंटिफिक पेपर राइटिंग विषय पर कार्यशाला आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। उत्तराखंड काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी के सहयोग से महाविद्यालय विज्ञान लोकप्रियकरण समिति ने दि एनाटॉमी ऑफ अ साइंटिफिक पेपर राइटिंग विषय पर कार्यशाला आयोजित की। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर कमल किशोर पांडे, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर हरीश चंद्र बिष्ट, जंतु विज्ञान विभाग, कुमाऊं विश्वविद्यालय, प्रोफेसर राजीव उपाध्याय, भू विज्ञान विभाग और कार्यशाला के संयोजक प्रोफेसर एके पालीवाल व आयोजक सचिव प्रोफेसर हरिश्चंद्र द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर कमल पांडे, प्रोफेसर पालीवाल एवं प्रो. हरिश्चंद्र ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. पांडे ने की और संबोधन करते हुए आज के विषय पर विस्तृत चर्चा कर पेपर राइटिंग के मुख्य बिंदुओं को बताया। कार्यक्रम का संचालन विज्ञान लोकप्रियकरण समिति के समन्वयक डॉ. भारत पांडे एवं डॉ.






तरुण सक्सेना ने संयुक्त रूप से किया। तकनीकी सत्र में प्रोफेसर हरीश सिंह बिष्ट ने पेपर राइटिंग की रूपरेखा, एथिक्स एवं शोध के तुलनात्मक दृष्टिकोण को विस्तृत रूप से बताया व अच्छे रिसर्च पेपर की महत्ता बताई। प्रोफेसर राजीव उपाध्याय ने रिसर्च के संबंध में पहले अपने शोध अनुभवों को साझा किया तथा शोध शीर्षक चयन, शोध पत्र लेखन में होने वाली त्रुटियों एवं उनके निवारण को समझाया। कार्यशाला समन्वयक प्रोफेसर पालीवाल ने शोधपत्र लेखन से संबंधित अपने कार्य व विचार साझा किए। प्रोफेसर हरिश्चंद्र ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आए हुए अतिथियों, में वक्ताओं, महाविद्यालय के प्राचार्य, वरिष्ठ प्राध्यापकों, छात्र छात्राओं व छात्रसंघ पदाधिकारियों और सहयोग हेतु यूकॉस्ट, विज्ञान भारती का धन्यवाद किया। कार्यशाला में विज्ञान लोकप्रियकरण समिति के समन्वयक डॉ. भारत पांडे, सदस्य डॉ. चंद्रपाल व डॉ. रवीश त्रिपाठी, कार्यशाला आयोजन समिति के डॉ. दीपक दुर्गापाल, डॉ. दीपमाला, डॉ. राघवेंद्र मिश्रा तथा महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रोफेसर मनोज पांडे, प्रोफेसर पूनम रौतेला, डॉ कमला बोरा, डॉ. अपर्णा सिंह, डॉ. पूनम साह मौजूद रहे। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य प्रोफेसर केके पांडे ने सभी को सहयोगी परिषदों, एजेंसियों, अतिथियों, प्राध्यापकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों, छात्र संघ पदाधिकारियों, उपस्थित छात्र छात्राओं का धन्यवाद व्यक्त किया।

# विधायक शिव ने फायर हाईड्रेंट के लिए जल संस्थान को भेजा प्रस्ताव

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने कहा अग्निकांड के उपरांत दमकल वाहनों के रिफलिंग हेतु घनी आबादी वाले क्षेत्रों के निकट फायर हाइड्रेंट स्थापित करने हेतु जल संस्थान को प्रस्ताव भेजा है। विधायक शिव अरोरा ने कहा यह बेहद गम्भीर विषय है कि रुद्रपुर क्षेत्र घनी आबादी वाला क्षेत्र है जहाँ कुछ क्षेत्र ऐसी संकरी गलियों और भीड़ वाले इलाके है जहां अक्सर आगजनी की घटनाएं होने पर देखने मे आता है कि दमकल की गाड़ियों को आग बुझाने के लिये अपनी ओर से सराहनीय प्रयास किये जाते है, लेकिन विधायक ने कहा अभी हाल ही में शिव नगर में एक गोदाम में हुई आगजनी या अन्य जगहों की घटना में देखने मे आया कि वहां दमकल की गाड़ियां खाली होने के बाद उनको दूबारा



रिफलिंग हेतु फायर हाईड्रेंट के आस पास उपलब्धता न होने के कारण दूर दराज क्षेत्र में जाना में रिफलिंग हेतु जाना पड़ता है, जिससे आगजनी की घटना से अत्यधिक नुकसान होने जैसे घटना सामने आती है। विधायक शिव अरोरा ने कहा उन्होंने जल संस्थान को इसलिये वार्ता की है और लिखित प्रस्ताव भेजा है कि अतिशीघ्र ऐसे स्थिति को देखते हुए रम्पुरा ,भदईपुरा, कैम्प खेड़ा जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों को देखते हुए अग्निशमन वाहनों के रिफलिंग हेतु फायर हाइड्रेट उपलब्ध करने के लिये कहा है जो भविष्य में ऐसी आगजनी की घटनाओ को शीघ्रता से काबू पाने के लिये कारगर सिद्ध होगा। विधायक शिव अरोरा ने कहा यह बेहद महत्वपूर्ण विषय है जल संस्थान द्वारा इनकी उपलब्धता करने से काफी मदद मिलेगी।

# विपक्षी आवाज कुचलना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ : सुमित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। देश की सबसे पुरानी एवं स्वतंत्रता संग्राम मे प्रमुख योगदान देनी वाली कांग्रेस पार्टी के मजबूत स्तम्भ एवं पूर्व अध्यक्ष राहुल गाँधी को छोटे से मानहानि मामले मे अधिकत्तम सजा सुना जिस त्वरित कार्यवाही से संसद की सदस्यता समाप्त की गयी



है वह लोकतंत्र का हनन है। केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा सरकारी एजेंसियों का दुरूपयोग कर सम्पूर्ण विपक्ष की आवाज को कुचलने का प्रयास लोकतान्त्रिक मूल्यों के खिलाफ हैं, जिसे किसी भी सूरत मे सहन नहीं किया जा सकता है। पत्रकार वार्ता में विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि राहुल कांग्रेस के नेता होने से पहले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के सदस्य है और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के सदस्य के साथ इस प्रकार का कृत्य कर केंद्र की भाजपा सरकार ने अपना असली चरित्र और चेहरा सार्वजनिक कर दिया है। उन्होंने कहा राहुल की भारत जोड़ो यात्रा की अपार सफलता इस बात का संकेत है कि भारत की जनता भाजपा की कथनी और करनी को अच्छे से देख और समझ चुकी है। जिससे भाजपा बुरी तरह से बौखला गयी है। सुमित ने कहा कि भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारों से जवाब मांगने पर विपक्ष के नेताओ को फर्जी केस और जेल तथा आमजनता को लाठियां मिलती है। जिस बुलेट गति से राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म की गयी काश उतनी ही गति भाजपा अडानी मामले मे जेपीसी गठित करके, उत्तराखंड के परिपेक्ष मे अंकिता भंडारी हत्याकांड मे वीवीआईपी के नाम तथा तमाम भर्ती घोटालो सहित विभिन्न घोटालो और भ्रष्टाचार मे शामिल भाजपा नेताओ के खिलाफ कार्यवाही करती। उन्होंने कहा भाजपा नेता और केंद्रीय राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर के गोली मारो वाले बयान पर अगर उतनी ही त्वरित गति से कार्यवाही करती तो अनेको निर्दोष लोगो की जान जाने से बच जाती। सुमित ने कहा कि राहुल गांधी बिना घर के नहीं हैं, हर गरीब, मजदूर, मजबूर और बेरोजगार भारतवासी के दिल मे मौजूद हैं। हर कांग्रेस कार्यकर्ता का घर उनका अपना घर है, मेरा घर "संकलन" भी राहुल गांधी का ही घर है। प्रेसवार्ता में उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी, जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, शोभा बिष्ट, नीमा भट्ट, राधा आर्य, हरीश मेहता, हेमन्त बगड़वाल, डॉ. मयंक भट्ट, सुहैल सिद्दीकी, गोविंद बगड़वाल, कानू बिष्ट, दीप पाठक, गुरप्रीत प्रिंस, जाकिर हुसैन, मोहन बिष्ट, त्रिलोक बनोली, बहादुर सिंह बिष्ट, सतनाम सिंह, मन्नू गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

# चुनाव जीतने के लिए बूथ कमेटी करें मजबूत: विकल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी की एक संगठनात्मक बैठक नगर कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष प्रताप रैकवाल ने तथा संचालन महामंत्री मधुकर श्रोत्रिय ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि हल्द्वानी विधानसभा के प्रवासी प्रभारी खूब सिंह विकल थे। बैठक में सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन कर वंदे मातरम हुआ। तत्पश्चात नगर अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि को पुष्प एवं भारतीय जनता पार्टी का गमछा पहनाकर उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि नगर में सभी शक्ति केंद्रों पर वूथ कमेटी का गठन उच्च स्तर पर किया जा रहा है तथा पार्टी के



वरिष्ठ और कनिष्ठ कार्यकर्ता इस कार्य को पूरे मन से कर रहे हैं। कुछ दिनों में अन्य पार्टी के लोग पार्टी मैं शामिल होंगे तथा भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करेंगे। मुख्य वक्ता खूब सिंह ने कार्यकर्ताओं से कहा कि हमें हर हाल में नगर निगम एवं 2024 का लोकसभा चुनाव जीतना है। चुनाव तभी जीतेंगे जब हमारी वूथ की कमेटी मजबूत होगी। हर तबके के लोगों को पार्टी से जोड़ेंगे। उन्होंने सभी मोर्चा पदाधिकारियों से कहा कि हर बूथ पर मोर्चे के पांच पदाधिकारी अवश्य बनाएं और उन्हें पार्टी की जिम्मेदारी दे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि चुनाव मोड पर कार्य करना प्रारंभ कर दें। क्योंकि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता अपने लिए नहीं अपितु राष्ट्र के लिए कार्य करता है। यदि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी के सरकार नहीं होती तो हमें राम मंदिर का निर्माण, धारा 370 कैसे खत्म होती और अभी हमें सोमनाथ मथुरा एक समान नागरिक कानून तथा अन्य कार्य करने हैं। जिससे भारतीय जनता पार्टी नीत की सरकार में देश में भ्रष्टाचार को समाप्त करना है। पार्टी को 2024 में एक बार पुनः केंद्र में लाना है। इस अवसर पर मुख्य वक्ता ने मन की बात कार्यक्रम के लिए राशि जैन को सम्मानित किया। वूथ कमेटी गठित करने के राजेश भारद्वाज एवं पातीराम को संयुक्त रूप से सम्मानित किया। बूथ स्तर पर द्वितीय स्थान पर सुधीर अग्रवाल को सम्मानित किया गया। बैठक में नामित पार्षद देवेश अग्रवाल, मुकेश धींगरा, विनोद जायसवाल, गीता जोशी, सुरेंद्र बिष्ट, संतोष जायसवाल, अनमोल मल्होत्रा, विशु शर्मा, तिलोक बिष्ट उपस्तिथ रहे।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने जारी किया 'मेरा घर,राहुल गांधी का घर' पोस्टर

## राहुल गांधी के खिलाफ दुष्प्रचार कर रही भाजपा सरकारः माहरा

देहरादून(उदसंवाददाता)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सियासी हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि मोदी सरकार अपने चहेतों के बैंक ऋणों को बट्टे खाते में डालकर बैंकों का नुकसान कर रही है। माहरा ने कहा कि बट्टे खाते में डाले गए 28 खातेदारों में एक विजय माल्या को छोड़कर बाकी 27 ऐसे ऋण धारक गुजरात राज्य हैं। माहरा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार देश की गरीब जनता का धन लूटने वालों को संरक्षण देने का काम कर रही है। कांग्रेस भवन में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान पार्टी की ओर से मेरा घर, राहुल गांधी का घर पोस्टर जारी किया गया। दरअसल लोक सभा से राहुल गांधी के निष्कासन के बाद उन्हें नई दिल्ली में आवंटित सरकारी आवास खाली करने का निर्देश जारी किया गया है। विरोध दर्ज कराने के लिए कांग्रेस ने देशभर में यह पोस्टर जारी किया है। मोदी उपनाम पर दिए एक बयान पर राहुल गांधी को दो साल की सजा और उसके बाद लोकसभा से उनके निष्कासन के मुद्दे को अब कांग्रेस जनता के बीच में लेकर जाएगी। इसके तहत




पार्टी ने पूरे अप्रैल में अलग-अलग कार्यक्रम तय किए हैं। इसके साथ ही पार्टी भाजपा नेताओं के नफरती भाषणों के पुराने वीडियो ढूंढकर उनके आधार पर विभिन्न थानों में रिपोर्ट दर्ज कराएगी। इस मुद्दे पर पार्टी की ओर से प्रदेशभर में शुक्रवार को जिला और ब्लॉक मुख्यालयों में प्रेस वार्ता की गई। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि आज भाजपा जिस तरीके से राहुल गांधी के खिलाफ दुष्प्रचार कर रही है, वह निंदनीय है। क्या भाजपा नेता भूल गए हैं कि उन्होंने संसद में पं. नेहरू के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी। एक महिला सांसद एवं पूर्व मंत्री को सूर्पनखा तक कहा गया। कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी को जर्सी गाय और राहुल गांधी जर्सी गाय का बछड़ा तक कहा गया। माहरा ने कहा कि पीसीसी के अनुषांगिक संगठन, प्रकोष्ठ एवं विभाग लोकतंत्र को बचाने के लिए पोस्टकार्ड अभियान चलाएंगे, जो एक से 15 अप्रैल तक चलेगा। इसके माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी को पोस्टकार्ड लिखे जाएंगे, जिनमें उन्हें जनता की तकलीफों के साथ महिलाओं और युवाओं पर हुए अत्याचारों से अवगत कराया जाएगा। आठ अप्रैल से प्रदेश कांग्रेस भाजपा के उन नेताओं के विरुद्ध विभिन्न थानों में लिखित शिकायत दर्ज कराएगी, जिन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया है। इसके बाद 25 से 30 अप्रैल के बीच एक बड़ी रैली देहरादून में आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना, मथुरा दत्त जोशी, लक्ष्मी अग्रवाल, जसविंदर गोगी, अमरजीत सिंह और गोदावरी थापली भी मौजूद रहीं।

# अपराधियों के सरगना को मिल रहा राजनैतिक संरक्षणः बेहड़

किच्छा(उद संवाददाता)।विधायक तिलकराज बेहड़ ने कुछ दिन पूर्व किच्छा में एसटीएफ द्वारा अपराधियों धरपकड़ पर बधाई देते हुए कहा कि जिस कार्य को स्थानीय पुलिस व अधिकारियों को करना चाहिए था वो कार्य एसटीएफ ने किया है उनकी समस्त टीम बधाई की पात्र हैं।श्री बेहड़ ने कहा कि किच्छा अपराधियों की शरणस्थली बना हुआ है, इसको लेकर कई बार स्थानीय पुलिस व अधिकारियों पर अपराधियों को संरक्षण के मामले उठते रहे हैं, कई घटनायें भी पूर्व में किच्छा क्षेत्र में लगतार हुई। एसटीएफ के मुताबिक अभी उनका सरगना फरार है, सरगना को लेकर भी किच्छा क्षेत्र के राजनैतिक गालियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है कि सरगना को भारतीय जनता पार्टी के किस नेता का संरक्षण प्राप्त है। लगातार फरार सरगना व उसके साथियों के फोटो किच्छा क्षेत्र में पूर्व में हुए विभिन्न कार्यक्रमों में चाहे शोभा यात्रा हो, गुरु पर्व हो या भाजपा के राजनैतिक कार्यक्रम हो फरार सरगना भाजपा नेता के साथ कार्यक्रमों में हिस्सा लेता हुआ दिखाई देता रहा है।श्री बेहड़ ने कहा



कि स्थानीय पुलिस व अधिकारी जानबूझकर राजनैतिक दबाव में कार्यवाही नही कर रहे थे,उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सरगना व उसके साथीगण किच्छा पुलिस व अधिकारियों के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में एक साथ देखे जाते थे, जिसके प्रमाण सोशल मीडिया पर भी उपलब्ध हैं।श्री बेहड़ ने कहा कि पूरे मामले की जांच को लेकर राजनैतिक संरक्षण व पुलिस अधिकारियों के संरक्षण को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से भी शिकायत की थी, उसके बावजूद भी कोई कार्यवाही नही की गई।श्री बेहड़ ने कहा कि पूरे मामले को लेकर चाहे राजनैतिक संरक्षण का हो या पुलिस अधिकारियों का हो मुख्यमंत्री व डीजीपी को पत्र लिखकर जांच की मांग की है। साथ ही आगामी विधानसभा सत्र में किच्छा स्थानीय पुलिस व अधिकारियों के अपराधियों को दिए जा रहे संरक्षण के फोटो व वीडियो को दिखाकर सबका चेहरा बेनकाब करेंगे व कार्यवाही की मांग करेंगे।

# सरस्वती शिशु मंदिर का वार्षिक परीक्षाफल घोषित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय का वार्षिक परीक्षाफल विद्यालय के प्रधानाचार्य कैलाश चन्द्र त्रिपाठी एवं उपस्थित विद्यालय के भूतपूर्व प्रधानाचार्य कुँवरसेन एवं भूतपूर्व प्रधानाचार्य राजेन्द्र शर्मा, नरेश रस्तोगी द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलन कर माँ शारदे की वन्दना के पश्चात परीक्षाफल वितरण किया। इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। शुक्रवार को विद्यालय में वार्षिक परीक्षाफल की घोषणा विद्यालय के प्रधानाचार्य कैलाश चन्द्र त्रिपाठी



द्वारा की गई । सम्पूर्ण विद्यालय का परीक्षाफल 99.29% रहा। प्राथमिक वर्ग में कौशिक कुमार द्वारा 100% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। माध्यमिक जूनियर वर्ग में भैया दिपांशु पाण्डे (कक्षा-6 ) ने 97.35% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। माध्यमिक भैया उदित वर्मा (कक्षा-11) ने 92.4% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा सभी भैया/बहिनों के उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु साधुवाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना एवं आर्शीवाद देते हुए निरन्तर अभ्यास और सतत परिश्रम के लिए प्रेरित किया ।

# पुरस्कार वितरण के साथ एनएसएस शिविर संपन्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन समारोह का शुभारंभ शिविर के मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर कमल किशोर पांडे द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। शिविर में कुमाऊं विश्वविद्यालय से आए प्रोफेसर हरीश सिंह बिष्ट एवं प्रो. राजीव उपाध्याय ने स्वयंसेवियों को अपने उदबोधन में सामाजिक कार्यों के प्रति प्रेरित किया। इसी क्रम में बौद्धिक सत्र में डॉ. दीपमाला ने राष्ट्रीय



सेवा योजना के उद्देश्यों एवं कर्तव्यों को विस्तार से समझाया। राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाईयों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अन्तर्गत पंजाबी व कुमाऊंनी नृत्य, भाषण, कविता प्रस्तुत की। अंत में पुरस्कार वितरण हुआ । कार्यक्रम अधिकारी डॉ.रंजीता जौहरी ने लक्ष्य प्राप्ति हेतु सफलता के मूल मंत्रों को बताया । कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राघवेन्द्र मिश्रा ने सभी स्वयंसेवियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर प्रोफेसर शंभू पांडे, प्रोफेसर पीसी सुयाल, प्रोफेसर हरीश चंद्र, प्रोफेसर एके पालीवाल, डॉ. रूमा शाह , पूजा आर्या के अलावा सौरभ राठौर, बॉबी गुप्ता, गौरव शुक्ला, कैलाश राठौर एवं सुदीप सिंह उपस्थित रहे।

# कालाढूंगी में मुख्यमंत्री धामी के आगमन की तैयारियां शुरू

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रदेश के मुख्यमंत्री के आगामी सात अप्रैल को कालाढूंगी में प्रस्तावित जनसभा को लेकर पार्टी स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियो और नैनीताल जिले के जिलाध्यक्ष ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा। कालाढूंगी विधानसभा के विधायक बंशीधर भगत



ने सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की कालाढूंगी विधानसभा में आगामी 7 अप्रेल को प्रस्तावित जनसभा की व्यवस्था एव उनके क्रियान्वयन को लेकर पदाधिकारियों जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट, प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत सहित कार्यकर्ताओ की बैठक ली। जिसके बाद प्रस्तावित जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक बंशीधर भगत, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट, प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत, जिला महामंत्री नवीन भट्ट, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री तरुण बंसल, जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, जिला सोशल मीडिया प्रभारी संजय पाण्डे, मंडल अध्यक्ष विक्रम जन्त्वाल और प्रशासन के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष का जोरदार स्वागत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा द्वारा हिमांशु गावा को जिलाध्यक्ष एवं सीपी शर्मा को महानगर अध्यक्ष बनाये जाने पर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य की अगुवाई में तमाम कांग्रेसियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान मिष्ठान वितरण भी किया गया। बता दें प्रदेश अध्यक्ष करना माहरा ने बीते दिनों स्थाई जिलाध्यक्ष के लिए हिमांशु गावा, और महानगर अध्यक्ष पद पर सीपी शर्मा के नाम की घोषणा की थी। दोनों पदाधिकारियों का शुक्रवार को नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य की अगुवाई में में कांग्रेसियों ने जोरदार स्वागत किया साथ ही मिष्ठान वितरण भी किया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष समेत अन्य कांग्रेसजनों ने दोनों पदाधिकारियों को बधाई दी। इस अवसर पर



नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि हिमांशु गावा और सीपी शर्मा दोनों ही संगठन के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से काम कर रहे थे, जिसके चलते ही उन्हें महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गये हैं। दोनों के मनोनयन से जिला और महानगर में संगठन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी मतभेद भुलाकर निकाय और लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का आहवान किया। इस अवसर पर उपनेता प्रतिपक्ष एवं खटीमा के विधायक भुवन कापड़ी, जसपुर के विधायक आदेश चौहान, नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा, पार्षद मोहन खेड़ा, गणेश उपाध्याय, संदीप चीमा, ममता रानी, सुनील आर्य, पवन वर्मा आदि सहित तमाम कांग्रेसी मौजूद थे।

# छठ पूजा स्थल पर चलाया स्वच्छता अभियान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। इंदिरा प्रियदर्शनी राजकीय स्नातकोत्तर वाणिज्य महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा छठ पूजा स्थल पर जाकर स्वच्छता पखवाड़े कार्यक्रम के अंतर्गत दीप प्रज्वलित कर आरती की गई। इसके साथ ही छात्राओं द्वारा स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। कार्यक्रम में नमामि गंगे की संयोजिका




डॉ. प्रभा साह ने कहा कि धार्मिक स्थलों में पूजा अर्चना के साथ ही स्वच्छता बनाए रख कर इनकी पवित्रता भी बनाए रखना सबका दायित्व होना चाहिए। उन्होंने छात्राओं से आव्हान किया कि सफाई अभियान को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। साथ ही समाज में भी सफाई बनाने में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। इस दौरान हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉक्टर नीता शाह एवं नमामि गंगे टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

ANANT GRAPHICS
All Kinds of Printing Solution...
We Deals In
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
Price | Time | Quality
More information call us 98377 77818
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## हिंसा और असहिष्णुतापूर्ण व्यवहार

रामनवमी से एक दिन पहले ही सर्वोच्च न्यायालय ने एक मामले की सुनवाई करते हुए पीड़ा व्यक्त की थी कि देश के लोग यह संकल्प क्यों नहीं ले पाते कि वे दूसरे समुदायों के प्रति सहिष्णुतापूर्ण व्यवहार करेंगे। मगर यह बात शायद लोगों को सुनाई नहीं पड़ी। रामनवमी के दिन तीन राज्यों की कम से कम पांच जगहों पर भीषण हिंसा भड़क उठी, आगजनी हुई और कई लोग घायल हो गए। गुजरात, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में यह हिंसा उस वक्त हुई जब रामनवमी की शोभायात्रा निकाली जा रही थी और उस पर पत्थर बरसाए गए। पिछले साल हनुमान जयंती के मौके पर भी इसी तरह शोभायात्रा के दौरान छह राज्यों में हिंसा भड़क उठी थी, जिसमें कई लोग मारे और कई घायल हो गए थे। दिल्ली के जिस इलाके में पिछले साल हिंसा हुई थी, उसी इलाके में इस साल रामनवमी के दिन भी शोभायात्रा निकालने का प्रयास किया गया, हालांकि पुलिस ने इसकी इजाजत नहीं दी थी। रामनवमी पर जिन जगहों पर हिंसा भड़की, वहां कुछ लोगों को छतों से पत्थर बरसाते हुए भी देखा गया। इन सभी इलाकों में मुसलिम आबादी रहती है और वहां मस्जिदें भी हैं। स्वाभाविक ही इस हिंसा के चलते समुदाय विशेष फिर से निशाने पर आ गया है। हालांकि पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा के पीछे वहां की मुख्यमंत्री भाजपा का हाथ बता रही हैं। इस पर राजनीति तो होनी ही थी और वह कई दिनों तक होगी। फिर उन इलाकों में दोनों समुदायों के बीच वर्षों तनावपूर्ण रिश्ते बने रहेंगे। ऐसी सांप्रदायिक हिंसा के नतीजे आखिरकार समाज को ही भुगतने पड़ते हैं।ऐसी घटनाओं के पीछे किसी एक समुदाय को दोषी करार नहीं दिया जा सकता। मर्यादाएं दोनों तरफ से टूटती देखी जाती हैं। इन दिनों रमजान भी चल रहा है और इस बीच में रामनवमी का त्योहार आ गया, इसलिए शोभायात्रा जैसे आयोजनों में प्रशासन से खासी सतर्कता की अपेक्षा की जाती थी, जो दिल्ली में देखी भी गई। मगर गुजरात, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में इसकी जरूरत क्यों नहीं समझी गई या कैसे वहां के प्रशासन से चूक हुई कि वे इन्हें रोकने में नाकाम साबित हुए। ऐसी शोभायात्राएं बिना पुलिस की जानकारी के नहीं निकाली जातीं और उनका मार्ग भी पहले से तय होता है। ऐसे में पुलिस को जानकारी रहती है कि किन इलाकों से शोभायात्रा के गुजरने पर हिंसा भड़कने की आशंका हो सकती है। फिर इस पहलू पर गंभीरता से विचार क्यों नहीं किया गया।हालांकि उपद्रवी तत्त्व कब नियम-कायदों की परवाह करते हैं। उनकी तो कोशिश होती है कि वे कुछ ऐसा करें, जिससे समाज में विद्वेष और तनाव का वातावरण बने। औरंगाबाद में भीड़ ने पुलिस पर ही हमला कर दिया। अब यह भी छिपी बात नहीं है कि ऐसे उपद्रवी तत्त्व किनके इशारे पर यह सब करते हैं। अनेक जांच नतीजों से प्रकट है कि सबके पीछे राजनीतिक मंशा होती है। इसलिए जिन्होंने पत्थर फेंके या पुलिस पर हमला किया, वे कोई धार्मिक लोग नहीं कहे जा सकते, क्योंकि कोई धर्म निजी और सामुदायिक आस्था का विषय होता है, न कि उन्माद प्रदर्शन का। जो लोग इस तरह सड़कों पर धर्म का प्रदर्शन करते निकलते हैं या धर्म के नाम पर हाथ में पत्थर उठा लेते हैं, उनकी मंशा धार्मिक होती भी नहीं। जब तक इन्हें रोकने की राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं दिखाई जाती, तब तक ऐसे उपद्रवों और हिंसा पर रोक लगाना मुश्किल ही रहेगा

## जांच अधिकारी के समक्ष दो खिलाड़ियों ने दर्ज किये बयान

देहरादून। दून अस्पताल में भर्ती पर्वतीय क्रिकेट एसोसिएशन चमोली के निलंबित सचिव व लिटिल मास्टर क्रिकेट एकेडमी के कोच नरेंद्र शाह की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। एकेडमी में कोचिंग ले रही दो खिलाड़ियों ने जांच अधिकारी सीओ अनिल जोशी के समक्ष शुक्रवार को बयान दर्ज कराए हैं। सीओ अनिल जोशी के अनुसार, खिलाड़ियों ने नरेंद्र शाह पर आरोप लगाया है कि कोच उनके साथ छेड़छाड़ करता था और कहता था कि क्रिकेट में आगे बढ़ना है तो तुम्हें क्रिकेट एसोसिएशन आफ उत्तराखंड के पदाधिकारियों की शारीरिक जरूरतों को पूरा करना होगा। खिलाड़ियों ने कहा कि उन्होंने वर्ष 2018 में एकेडमी ज्वाइन की थी। खिलाड़ियों ने आरोप लगाया कि कोच लंबे समय से उनके साथ छेड़छाड़ कर रहा था। आरोपित कोच सीएयू के दो पदाधिकारियों का नाम लेकर कहता था कि उसकी उनसे अच्छी पहचान है। उन्हें धमकाया जाता था कि यदि किसी को कुछ बताया तो वह उन्हें उत्तराखंड में खेलने नहीं देगा और भविष्य खराब कर देगा। इससे वह भयभीत हो गई थीं। 20 मार्च 2023 को कोच नरेंद्र शाह ने उनके मोबाइल फोन पर काल कर अश्लील बातें की। इस काल को उन्होंने रिकार्ड कर लिया था।दून अस्पताल में उपचाराधीन आरोपित कोच नरेंद्र शाह की हालत में थोड़ा सुधार है, लेकिन चिकित्सकों ने पुलिस को आरोपित के बयान नहीं लेने दिए। चिकित्सकों ने कहा कि उनके कई टेस्ट हुए हैं। वह अभी बयान देने की स्थिति में नहीं हैं। हालत में सुधार होने के बाद ही बयान दर्ज करने की अनुमित दी जाएगी। जांच अधिकारी सीओ अनिल जोशी ने कहा कि कोच की निगरानी की जा रही है। चिकित्सकों से कहा गया है कि यदि कोच को किसी कारण अन्यत्र रेफर किया जाता है तो इसकी सूचना उन्हें पहले दी जाए।

## आईएफएस प्रशिक्षु अधिकारी गीतिका ने राज्यपाल से की भेंट

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शुक्रवार को भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) प्रशिक्षु अधिकारी सुश्री



गीतिका ने शिष्टाचार भेंट की। सुश्री गीतिका दिनांक 27 मार्च से 31 मार्च तक राज्य सरकार के विभिन्न विभागों की जानकारी प्राप्त किये जाने हेतु उत्तराखण्ड के भ्रमण पर हैं। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को अपने भ्रमण से संबंधित जानकारी दी।

# भारतीय चीतों का अमृतकाल

भारतीय स्वतंत्रता के अमृतकाल में यह प्रसन्नता की बात है कि कूनो राष्ट्रीय उद्यान में सियाया नाम की नामीबियाई मूल की मादा चीता ने चार शावकों को जन्म दिया है।76 साल पहले भारत की धरती से चीतों की प्रजाति के लुप्त होने के बाद भारतीय वन्यजीव संरक्षण के इतिहास में यह पहली,अनूठी और उल्लेखनीय घटना है।यह वंशवृद्धि इसलिए भी आशा की किरण है,क्योंकि 27 मार्च 2023 को साशा नामक मादा की मौत हो गई थी।इससे कुछ समय के लिए इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर सवाल खड़े किए जाने लगे थे।लेकिन अब चार शावकों के जन्मने के बाद उद्यान में चीतों की संख्या 23 हो गई है।इनमें 19 वयस्क हैं,जो प्रजनन में सक्षम हैं।ऐसी भी जानकारी है कि एक और मादा गर्भवती है।बीते वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर को नामीबिया से लाए गए आठ चीतों को कूनो राष्ट्रीय उद्यान में एक भव्य समारोह आयोजित करके छोड़ा था। इन चीतों के यहां के जलवायु में ढलने की आषंकाएं आरंभ से ही उठ रही थीं, जो एक मादा चीता 'साशा' की बीमारी से मौत के बाद परिणाम में बदलती दिख रही है। वन्य-प्राणी विषेषज्ञ इस मौत का कारण किडनी खराब (रीनल फेल्योर) होना बता रहे हैं। साषा 22 जनवरी से बीमार थी। निर्जलीकरण के चलते उसे तरल भोजन दिया जा रहा था। यह तो ठीक है, लेकिन इस मौत के इतिहास में दो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। एक राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के एडीजी एसपी यादव का कहना है कि भारत आने से पहले ही यह चीता बीमार था। क्योंकि इसकी बीमारी सामने आने के बाद नामीबिया के चीता फाउंडेशन से इसके उपचार का इतिहास बुलाया गया। इसी से इसकी बीमारी का पता चला। 15 अगस्त 2022 को इसके लिए गए खून के नमूने से ज्ञात हुआ कि इसमें क्रिएटिनिन का स्तर 400 से ज्यादा है। दूसरी जानकारी मिली कि नामिबिया में रहते हुए इसने एक प्लास्टिक की गेंद को खा लिया था। जिसे शल्य क्रिया के बाद पेट से निकाला गया। ऐसे बीमार चीते को भारत नहीं भेजा जाना चाहिए था। अलबत्ता सवाल यह भी उठता है कि भारत से कई मर्तबा वनाधिकारियों और वन्यजीव चिकित्सकों का दल नामिबिया इनके परीक्षण के लिए गया था, तब उन्होंने क्यों इन चीतों के चिकित्सा इतिहास को देखा ? दरअसल चीतों को भारत लाने के बहाने इन अधिकारियों की रुचि सैर-सपाटे में कहीं ज्यादा रही, अन्यथा इतनी बड़ी चूक कैसे हो गई ? यह जवाबदेही भी सुनिश्चित होनी चाहिए।इसके बाद यहीं 12 चीते और छोड़े गए थे।यह संयोग ही है कि करीब 76 साल पहले भारत की धरती से चीते विलुप्त हो गए थे, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से चीतों के पुनर्वास की अनुमति मध्य-प्रदेश सरकार के वन-विभाग को मिली थी। यह अनुमति राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की याचिका पर दी गई थी। टाइगर स्टेट का दर्जा प्राप्त मध्य-प्रदेश में इन चीतों को दक्षिण अफ्रीका से लाकर कूनो-पालपुर अभ्यारण्य में नया ठिकाना बनाया गया। यहां पिछले दो दशक से चीतों को बसाने



की तैयारी के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनाई जा रही थीं। दरअसल, चीते को घास के मैदान वाले जंगल पसंद हैं और कूनो में घास के जंगल न्यूनतम हैं।हालांकि घास के नए मैदान विकसित किए जा रहे हैं।एक समय था जब चीते की रफ्तार भारतीय वनों की षान हुआ करती थी। लेकिन 1947 के आते-आते चीतों की आबादी पूरी तरह लुप्त हो गई। 1948 में अंतिम चीता छत्तीसगढ़ के सरगुजा में देखा गया था। जिसे मार गिराया गया। चीता तेज रफ्तार का आश्चर्यजनक चमत्कार माना जाता है। अपनी विशिष्ट एवं लोचपूर्ण देहयष्टि के लिए भी इस हिंसक वन्य जीव की अलग पहचान थी। शरीर में इसी चपलता के कारण यह जंगली प्राणियों में सबसे तेज दौड़ने वाला धावक है। इसलिए इसे जंगल की बिजली भी कहा गया। हालांकि भारत में चीतों के पुनर्वास की कोषिषें असफल रही हैं। दरअसल, दक्षिण अफ्रीका के जंगलों से 1993 में दिल्ली के चिड़ियाघर में चार चीते लाए गए थे, लेकिन छह माह के भीतर ही ये चारों चीते मर गए। चिड़ियाघर में इनके आवास, परवरिश व प्रजनन के पर्याप्त उपाय किये गये थे, लिहाजा उम्मीद थी कि यदि इनकी वंशवृद्धि होती है तो देश के अन्य चिड़ियाघरों व अभ्यारण्यों में ये चीते स्थानांतरित किये जाएंगे। हालांकि चीतों द्वारा चिड़ियाघरों में प्रजनन अपवाद घटना ही होती है। नतीजतन प्रजनन संभव होने से पहले ही चीते मर गए।वैसे चीते 90 दिन गर्भधारण के बाद बच्चे जन्मते हैं।मादा तीन माह दूध पिलाती रहने के बाद इन्हें प्रकृति की गोद में स्वतंत्र विचरण के लिए छोड़ देती है।बीती सदी में चीतों की संख्या एक लाख तक थी, लेकिन अफ्रीका के खुले घास वाले जंगलों से लेकर भारत सहित लगभग सभी एशियाई देशों में पाया जाने वाला चीता अब पूरे एशियाई जंगलों में गिनती के रह गए हैं। राजा चीता (एसिनोनिक्स रेक्स) जिम्बाब्वे में मिलता है। अफ्रीका के जंगलों में भी गिने-चुने चीते रह गए हैं। तंजानिया के सेरेंगती राष्ट्रीय उद्यान और नामीबिया के जंगलों में गिने-चुने चीते हैं। प्रजनन के तमाम आधुनिक व वैज्ञानिक उपायों के बावजूद जंगल की इस फुर्तीली नस्ल की संख्या बढ़ाई नहीं जा पा रही है। यह प्रकृति के समक्ष वैज्ञानिक दंभ की नाकामी है। जूलॉजिकल सोसायटी ऑफ लंदन की रिपोर्ट को मानें तो दुनिया में 91 प्रतिशत चीते 1991 में ही समाप्त हो गए थे। अब केवल 7100 चीते पूरी दुनिया में बचे हैं। एशिया के ईरान में केवल 50 चीते शेष हैं। अफ्रीकी देष केन्या के मासीमारा क्षेत्र को चीतों का गढ़ माना जाता था, लेकिन अब इनकी संख्या गिनती की रह गई है। बीती सदी के पांचवे दशक तक चीते अमरीका के चिड़ियाघरों में भी थे। प्राणी विशेषज्ञों की अनेक कोशिशों के बाद इन चीतों ने 1956 में शिशुओं को जन्म भी दिया, परंतु किसी भी शिशु को बचाया नहीं जा सका। चीते द्वारा किसी चिड़ियाघर में जोड़ा बनाने की यह पहली घटना थी, जो नाकाम रही। जंगल के हिंसक जीवों का प्रजनन चिड़ियाघरों में आश्चर्यजनक ढंग से प्रभावित होता है, इसलिए शेर, बाघ, तेंदुए व चीते चिड़ियाघरों में जोड़ा बनाने की इच्छा नहीं रखते हैं। भारत में चीतों की अंतिम पीढ़ी के कुछ सदस्य बस्तर-सरगुजा के घने जंगलों में थे, जिन्हें 1947 में देखा गया था। प्रदेश अथवा भारत सरकार इनके संरक्षण के जरूरी उपाय करने हेतु हरकत में आती, इससे पहले ही चीतों के इन अंतिम वंशजों को भी शिकार के शौकीन राजा- महाराजाओं ने मार गिराया और वन की इस तेज गति के ताबूत में अंतिम कील भी ठोंक दी। इस तरह भारतीय चीतों की नस्ल पर पूर्ण विराम लग गया था।हमारे देश के राजा-महाराजाओं को घोड़ों और कुत्तों की तरह चीते पालने का भी शौक था। चीता शावकों को पालकर इनसे जंगल में शिकार कराया जाता था। राजा लोग जब जंगल में आखेट के लिए जाते थे, तो प्रशिक्षित चीतों को बैलगाड़ी में बिठाकर साथ ले जाते थे। इनकी आंखों पर पट्टी बांध दी जाती थी, जिससे यह किसी मामूली वन्य जीव पर न झपटे। जब शिकार राजाओं की दृष्टि के दायरे में आ जाता था, तो चीते की आंखों की पट्टी खोलकर शिकार की दिशा में हाथ से इशारा कर दिया जाता था। पलक झपकते ही शिकार चीते के जबड़े में होता। शिकार का यह अद्भुत करिश्मा देखना भी एक आश्चर्यजनक रोमांच की बात रही होगी ?भारत के कई राजमहलों में पालतू चीतों से शिकार कराने के अनेक चित्र अंकित हैं। मुगल काल में अकबर ने सैंकड़ों चीतों को बंधक बनाकर पाला। मध्यप्रदेश में मांडू विजय से लौटने के बाद अकबर ने चंदेरी और नरवर (शिवपुरी) के जंगलों में चीतों से वन्य प्राणियों का शिकार कराया। नरवर के जंगलों में अकबर ने जंगली हाथियों का भी खूब शिकार किया। ग्वालियर रियासत में सिंधिया राजाओं ने भी चीते पाले हुए थे, लेकिन चीतों को पाले जाने का शगल ग्वालियर रियासत में बीसवीं सदी के अंत तक ही संभव रहा। मार्को पोलो ने तेरहवीं शताब्दी के एक दस्तावेज का उदाहरण देते हुए बताया है कि कुबलई खान ने अपने ठिकानों पर एक हजार से भी अधिक चीते पाल रखे थे। इन चीतों के लिए अलग-अलग अस्तबल थे। चीते इस पड़ाव की चौकीदारी भी करते थे। बड़ी संख्या में चीतों को पालतू बनाने से इनके प्रकृतिजन्य स्वभाव पर प्रतिकूल असर तो पड़ा ही, इनकी प्रजनन क्रियाओं पर भी बेहद प्रतिकूल असर पड़ा। गुलामी की जिंदगी गुजारने व सईस के हंटर की फटकार की दहशत ने इन्हें मानसिक रूप से दुर्बल बना दिया, जिससे चीतों ने विभिन्न शारीरिक क्रियाओं में रुचि लेना बन्द कर दिया। जब चाहे तब भेड़-बकरियों की तरह हांक लगा देने से भी इनकी सहजता प्रभावित हुई। चीतों की ताकत में कमी न आए इसके लिए इन्हें मादाओं से अलग रखा जाता था। बैलों की तरह नर चीतों को बधिया करने की क्रूरताएं भी राजा-महाराजाओं ने खूब अपनाईं। इन सब कारणों से जंगल की इस बिजली की रोषनी मंद पड़ती गई और इक्कीसवीं शताब्दी के मध्य के आसपास एशिया भर में बुझ भी गई।चिड़ियाघरों में चीतों की आयु 15-16 वर्ष तक देखी गई है। इनकी औसत उम्र 20 साल होती है। दरअसल एक ओर तो हम विलुप्त होते प्राणियों के सरंक्षण में लगे हैं, दूसरी तरफ आधुनिक विकास इनके प्राकृतिक आवास उजाड़ रहा है। पर्यटन से हम आमदनी की बात चाहे जितनी करें, लेकिन पर्यटकों को बाघ, तेंदुआ व अन्य दुर्लभ प्राणियों को निकट से दिखाने की सुविधाएं, इनके स्वाभाविक जीवन को अंततः बुरी तरह प्रभावित करती हैं। अतएव चीतों के पालन-पोषण में मनुष्य की अतिरिक्त निकटता भी इन्हें घातक है। कूनो में लाए गए चीते प्रजनन कर वंश वृद्धि कर पाएंगे, इसकी संभावना भी कम है।

**-प्रमोद भार्गव**
**लेखक/पत्रकार**

# बारिश से गेहूं की फसल को भारी नुकसान

देहरादून। मौसम की मार से उत्तराखंड के किसानों की मेहनत पर पानी फिर रहा है। मार्च में लगातार हो रही वर्षा-ओलावृष्टि रबी की फसल के लिए काल बन गई है। पकने की कगार पर पहुंच चुकी गेहूं की फसल को अधिक वर्षा से भारी नुकसान की आशंका है। प्रारंभिक तौर पर प्रदेश में रबी की फसल को 25 से 30 प्रतिशत तक की क्षति पहुंचने का अनुमान है। ओलावृष्टि से फल-सब्जियों को भी करीब 15-20 प्रतिशत क्षति पहुंची है। प्रदेश में करीब 353804 हेक्टेयर भूमि में रबी की खेती होती है। जिसमें करीब 998580 मीट्रिक टन उत्पादन होता है। उत्तराखंड में मार्च के दूसरे पखवाड़े की शुरुआत से ही मौसम का मिजाज बदला हुआ है। झमाझम वर्षा और चोटियों पर हिमपात के साथ ही कई क्षेत्रों में ओलावृष्टि के कई दौर हो चुके हैं। जिससे किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें पड़ गई हैं। इन दिनों गेहूं समेत रबी की ज्यादातर फसलें पकने की कगार पर है और अधिक वर्षा और ओलावृष्टि फसलों को नुकसान पहुंचा रही है। कृषि विभाग की ओर से अभी समुचित डाटा नहीं जुटा जा सका है, लेकिन जिलेवार प्राप्त प्रारंभिक आंकलन से फलों के उत्पादन को 25 से 30 प्रतिशत तक का नुकसान होने की आशंका है। इसके अलावा दाल और तिलहन की फसल को भी क्षति पहुंचने का अनुमान है। कृषि निदेशक गौरीशंकर के अनुसार वर्षा और ओलावृष्टि से हुए नुकसान को लेकर जिलेवार सर्वे किया जा रहा है। अभी पहले चरण का सर्वे पूर्ण नहीं हुआ है, जल्द नुकसान का आकलन कर आंकड़े शासन को भेज दिए जाएंगे। उधर, मौसम विभाग ने वर्षा को देखते हुए किसानों को खेतों में जल निकासी की उचित व्यवस्था करने और फिलहाल किसी प्रकार की सिंचाई न करने की सलाह दी है।उत्तराखंड में मौसम के बदले मिजाज के बीच ज्यादातर क्षेत्रों में वर्षा-बर्फबारी और ओलावृष्टि हो रही है। देहरादून और मसूरी में गुरुवार रात शुरु हुआ वर्षा का सिलसिला शुक्रवार को भी दोपहर बाद तक जारी रहा। बदरीनाथ-केदारनाथ सहित ऊंची चोटियों पर बर्फबारी हुई। हालांकि आज शनिवार को धूप खिलने से कुछ राहत मिली है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार प्रदेशभर में अगले कुछ दिन मौसम का मिजाज बदला हुआ रह सकता है। चोटियों पर हल्का हिमपात, निचले इलाकों में वर्षा-ओलावृष्टि होने की आशंका है। मैदानी क्षेत्रों में कहीं-कहीं हल्की वर्षा के आसार बन रहे हैं। यह क्रम आगामी चार अप्रैल तक बना रह सकता है। ऐसे में तापमान सामान्य से नीचे रहने का अनुमान है।दून में 24 घंटे के भीतर करीब 35 मिमी, जबकि मसूरी में कुल 45 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इसी के साथ दून में एक दिन में अधिकतम तापमान में 14 डिग्री सेल्सियस तक की कमी दर्ज की गई है। जो कि मार्च में बीते आठ साल में तापमान में आई सर्वाधिक कमी है।मार्च के दूसरे पखवाड़े के शुरू होने के बाद से ही मौसम का मिजाज आए दिन बदल रहा है। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से प्रदेश में लगातार दो दिन से रुक-रुककर वर्षा व ओलावृष्टि हो रही है। देहरादून-मसूरी समेत ज्यादातर क्षेत्रों में गुरुवार शाम को शुरू हुआ वर्षा का दौर शुक्रवार शाम तक जारी रहा। मूसलाधार वर्षा के चलते तापमान ने भी गोता लगा लिया। बीते 24 घंटे में प्रदेश के कई हिस्सों में भारी वर्षा दर्ज की गई। वर्ष 2015 में हुई अत्यधिक वर्षा के बाद वर्ष 2023 में एक दिन में सर्वाधिक वर्षा बीते 17 मार्च को हुई। जबकि, एक दिन के भीतर तापमान में 14 डिग्री सेल्सियस की गिरावट भी वर्ष 2015 के बाद पहली बार रिकार्ड की गई। उधर, कुमाऊं के रामनगर और काशीपुर में 24 घंटे में 100 मिलीमीटर से अधिक वर्षा दर्ज की गई है, जो कि वर्ष 1982 के बाद मार्च में हुई एक दिन की सर्वाधिक वर्षा है।

# काशीपुर की समस्यायों को लेकर प्रशासन पर बरसे भाजपा नेता मेहरोत्रा

काशीपुर(उद संवाददाता)। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा आज शहर की समस्यायों को लेकर शासन प्रशासन पर बरसे। आमतौर पर भाजपा नेता शहर को समस्या मुक्त होने का दावा करते हैं। लेकिन पहली बार राम मेहरोत्रा ने एक पत्रकार वार्ता में शहर की समस्याओं को लेकर करारा निशाना साधा। हालांकि इस दौरान उन्होंने धामी सरकार की तारीफ में भी कसीदे गढ़े। आज यहां एस आर एस माल में आयोजित पत्रकार वार्ता में पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा ने कहा कि शहर के लोगों को काफी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। पत्रकार वार्ता की शुरुआत उन्होंने केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के सहकारी क्षेत्र में किये गये कामों की सराहना की। सहारा ग्रुप के निवेशकों को डूबा हुआ पैसा जल्द मिलने की संभावना जताई। क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने 5000 करोड़ रुपए रिलीज कर दिये है। जिससे शहर के भी हजारों निवेशकों को उनका पैसा वापस मिलेगा। वहीं पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा ने सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के एक वर्ष के कार्यकाल में किये गये जनहित के कामों को गिनाते हुए उनकी जमकर तारीफ भी की। लेकिन जैसे ही पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा काशीपुर के बारे में बोलना शुरू हुए तो एक के बाद एक कई समस्याओं का पिटारा खोल डाला। सबसे पहले राम मेहरोत्रा ने उत्तर भारत के सुप्रसिद्ध मां बाल सुंदरी देवी चौती मेले की दुर्दशा पर दु:ख जताया। इसकी दुर्दशा के लिए उन्होंने प्रशासन पर ठीकरा फोड़ा। उन्होंने परिणामस्वरूप मेले का टेंडर लेने वाले और वहां आने वाले व्यापारियों को आर्थिक हानि हो रही है। और ये नुकसान हर बार बढ़ रहा है। जिससे आम व्यापारी यहां आने से डर रहा है। यही कारण है कि इस विश्व प्रसिद्ध मेले का स्वरूप सूक्ष्म होता जा रहा है। जो कि ध ार्मिक आस्था से जुड़े इस मेले के लिए



कहा कि मेले की नीलामी से प्रशासन को करोड़ो रुपए का राजस्व पिछले दो-तीन वर्षों से प्राप्त हो रहा है लेकिन मेला स्थल के रखरखाव पर एक पैसा भी खर्च नहीं किया जा रहा। मेले में बारिश के दौरान व्यापारियों का काफी नुकसान होता है। राजस्व वसूली से मिले पैसे से मेला स्थल का सौंदर्यीकरण किया जाना चाहिए लेकिन नहीं किया जाता। दुखदाई है।प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा काशीपुर महायोजना को लेकर भी पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा जमकर बरसे। उन्होंने आरोप लगाया कि बगैर किसी रायशुमारी और फिजिकल सर्वे के महायोजना का प्रारूप तैयार कर दिया गया। जिससे उसमें केवल और केवल विसंगति ही विसंगति है। उन्होंने कहा कि इस बारे में वह सीएम धामी को अवगत करा चुके हैं। आवासीय इलाकों को इस महायोजना में तालाब या कामर्शियल दिखाया गया है। उन्होंने बताया कि अब तक साढ़े छ: सौ से अधिक आपत्तियां महायोजना की विसंगतियों को लेकर आ चुकी हैं। और अभी तो कई लोगों को महायोजना के बारे में पूरी जानकारी नहीं मिल पाई है। सर्किल रेट पुनरीक्षित किये जाने पर बात करते हुए राम मेहरोत्रा ने कहा कि 42 दिनों से चल रही अधिवक्ताओं की हड़ताल के बारे में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री तक को नहीं बताया। जब वह इस मामले में सीएम से मिले तो हड़ताल की बात सुनकर वह खुद चौंक गए।ठशहर के जनप्रतिनिधियों को राम मेहरोत्रा ने प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से सलाह दी कि उन्हें जनता के बीच जाना चाहिए। ताकि वह जनसमस्याओं से अवगत हो सके। उन्होंने कहा कि मेयर और विधायक क्यों नहीं जा रहे या क्या कर रहे हैं ये तो वही जानें।ठबहरहाल आज की प्रेस वार्ता में पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा ने काशीपुर की जनता से जुड़े मुद्दों पर अपनी बेबाक टिप्पणी की। वैसे इस तरह की मांग और समस्याओं की बात सत्तारूढ़ दल के नेता करते नहीं। लेकिन राम मेहरोत्रा ने काशीपुर में नई परंपरा शुरू कर दी है।देखना होगा कि काशीपुर को क्या इन समस्याओं से निजात मिल जाएगी।

# कथावाचक और टीम को ठुकराल ने किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री श्री शनिदेव महाराज जी की वार्षिक पूजा सिंह कालोनी गली नंबर 1 में पांच दिवसीय भागवत कथा में पहुंचे पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने मत्था टेका व कथावाचक श्याम भाई महाराज व उनकी टीम को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान संजय ठुकराल, अजय नारायण, बंटी कोली ,देबू मंडल पारुल मंडल, चतेली मंडल, गोविंद राय, रीना सरकार, आरती सरकार, गणेश सरकार, काशीनाथ हाजरा, कोनी मंडल, नोनी गोपाल, रेनू मंडल, गौतम घरामी, सुजाता मलिक, तपन विश्वास, मधु सरकार,



गोविंदा सरकार, छोटू राय, मोरानी सरकार, दुली मालाकार, सविता सरकार, उत्तम अधिकारी, श्यामल राय, कंकण विश्वास, अशोक मलिक, मुकेश मालकार, सुभाष मंडल, कृष्णा गाइन, चंचला सरकार, गीता सरकार, नीलू ढाली, अमित सरकार, बेबी मालाकार, पुष्पा सरकार, भागीरथी सरकार, मंजू, माया चक्रवर्ती, श्यामली, हजारा, रोशनी, खुशी, विवेक गुहा, आशा देवनाथ, रजनी साना, आलो हाजरा, दीपाली सरकार, जमुना सरकार, बसंती विश्वास, सरिता सरकार, पुष्पा पादो, रूपा मजूमदार, रीवा पाइक, राजू विश्वास, सुमन विश्वास, देवांशी मालाकार ,विष्णु सरकार, सुजीत मजूमदार, विमल घरामी, कृष्णा सरकार आदि थे।

# सहकारिता विभाग से टम्टा हुए सेवानिवृत्त

रुद्रपुर( उद संवाददाता)।सहकारिता विभाग में जनपद उधम सिंह नगर में पूर्व ए.डी.सी.ओ के पद पर कार्यरत रहे महेश लाल टम्टा सेवानिवृत्त हो गये। जिस पर विभागीय अधिकारी गण एवं कर्मचारियों ने विकास भवन में उनको भावभीनी विदाई दी। श्री टम्टा पूर्व में उधम सिंह नगर जनपद के प्रभारी ए.आर के पद पर भी कार्यरत



रह चुके हैं। विदाई समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि श्री टम्टा ने पूरी इमानदारी से विभाग को अपनी सेवा प्रदान की एवं सौम्य व्यवहार से अपनी कार्यप्रणाली की छाप छोड़ी है। उनके द्वारा जो कार्य किए गए उन्हें भुलाया नहीं जा सकता। इस मौके पर जिला सहायक निबंधक तुलसी बुदियाल, प्रेम प्रकाश राजेंद्र कुमार, हेमराज सिंह चौहान, केशव प्रसाद, केएस रोकली, विकास शर्मा, अपर्णा बलदिया, गोविंद प्रसाद, विकास रावत ,प्रमोद कुमार चौधरी सहित तमाम विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# पीआरडी जवान की मौत का खुलासा करने की मांग

कपकोट (उद संवाददाता)। पीआरडी जवान खुशहाल राम के मृत्यु का खुलासा ना होने पर मृतक खुशाल राम के छोटे भाई राजेंद्र प्रसाद व अन्य लोगों ने 5 अप्रैल को सरयू पुल पर धरना देने को लेकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया,16फरवरी को तुपेड के भगवती मंदिर के समीप पीआरडी जवान खुशहाल राम का शव मिला था यहां खुशाल राम के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई, व बागेश्वर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई, पर अभी



तक मृत्यु का खुलासा ना होने पर परिजनों में काफी रोष है,परिजनों ने पांच अप्रैलतक मामले का खुलासा नही होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। इस मौके पर राजेंद्र सिंह गढ़िया हरीश उपाध्याय, गणेश चंद्र उपाध्याय, मनोज पाठक, बसंत प्रसाद बिशन राम सागर सहित अन्य लोगों ने उपजिलाधिकारी को धरना देने को लेकर ज्ञापन सौंपा।






# सिपाही की हत्या के पांच आरोपियों को उम्र कैद

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सिपाही की हत्या करने तथा दूसरे सिपाही पर जानलेवा हमला कर गम्भीर रूप से घायल करने के पाँच आरोपियों को तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुश्री रजनी शुक्ला ने आजीवन कारावास तथा 36,000 रुपया जुर्माने की सजा सुना दी।सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता लक्ष्मी नारायण पटवा ने बताया कि 12/13 दिसंबर 2015 की रात को एक पिकप पर सवार आधा दर्जन बदमाश थाना गदरपुर के ग्राम महतोष मोड़ में रहने वाले भूकन लाल के घर पहुँच कर उनकी भैंसों को खोल लूट कर ले जा रहे थे कि अचानक भूकन लाल व उनकी पत्नी श्रीमती शकुन्तला रानी जाग गए उन्होंने रोकने का प्रयास किया तो बदमाशों ने हमला कर घायल कर दिया। बदमाशों ने पत्नी का मोबाइल लूट लिया ।शोर सुनकर गाँव वाले आये तो बदमाश पिकप में बैठकर बिलासपुर की ओर चल दिए ।इसी बीच एक ग्रामीण ने थाने में फोन किया तो ड्यूटी पर तैनात कॉन्स्टेबल सुभाष जोशी ने तुरंत रात्रि गश्त पर निकले कॉन्स्टेबल जितेन्द्र कुमार व बसन्त बोरा को सूचित कर दिया जिस पर वह दोनों पंचायत के बैरियर पर पहुँचे और बैरियर गिरा दिया लेकिन बदमाशों ने पिकप से टक्कर मार कर बैरियर को तोड़ डाला और बिलासपुर की ओर भाग निकले ।यह देख दोनों पुलिस कर्मियों ने मोटरसाइकिल से उनका पीछा किया तो पिकप में पीछे बैठे बदमाशों ने उनपर पथराव कर दिया लेकिन दोनों ने पीछा नही छोड़ा परन्तु जब पिकप यूपी की सीमा में चली गई तो दोनों वापिस लौट आए ।बदमाशों ने अपनी पिकप लौटाते हुए बहुत तेज गति से दोनों की मोटरसाइकिल में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिसके फलस्वरूप दोनों गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गए,घायल अवस्था में ही जितेन्द्र ने थाने फोन कर बताया तो कुछ ही देर में पुलिस अधिकारी मौके पर पहुँच गये और दोनों को अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने बसन्त बोरा को मृत घोषित कर दिया ।जितेन्द्र को नारायण अस्पताल रूद्रपुर लाया गया जहां उनके पैर का आपरेशन कर रॉड डाली गई ।इस मामले में भूकन लाल तथा कॉन्स्टेबल जितेन्द्र कुमार के द्वारा अलग अलग एफआइआर दर्ज कराई गई ।पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू कर दी और गदरपुर पुलिस ने मुरादाबाद के कटघर थाना पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए मूँड़ापाडें जिला मुरादाबाद निवासी सूखा पुत्र यामीन,मोहम्मद रफीक पुत्र वली अहमद,अनमोल पुत्र ज्ञानी,भूरा पुत्र नन्हे तथा आसिफ पुत्र अलीजान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।उनके विरूद्ध तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुश्री रजनी शुक्ला के न्यायालय में मुकदमा चला जिसमें एडीजीसी लक्ष्मी नारायण पटवा ने 15 गवाह पेश कर आरोप सिद्ध कर दिया जिसके बाद शुक्रवार की शाम न्यायाध ीश महोदय ने पॉचो को आरोपी करार देते हुए धारा 302 आईपीसी में आजीवन कारावास और 16 हजार रुपये जुर्माने, धारा 395 में 10 वर्ष के कठोर कारावास और 5000 रूपये जुर्माने, ध ारा 397 व 307 में 7-7 वर्ष के कठोर कारावास और 5000-5000 रूपये जुर्माने, धारा 332 व 353 में 3-3 वर्ष के कठोर कारावास, धारा 427 में 2-2 वर्ष के कठोर कारावास और 5000 रूपये जुर्माने की सजा सुनाई जबकि भूरा को धारा 412 में 10 वर्ष के कठोर कारावास और 5000 रूपये जुर्माने की सजा अलग से सुनाई गई।

# एक जिलाबदर व आठ के विरुद्ध गुण्डा एक्ट की हुई कार्यवाही

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। काठगोदाम थाना पुलिस ने आदतन अभियुक्तों के खिलाफ अभियान चलाकर एक को जिलाबदर कर आठ के विरुद्ध गुंडा एक्ट के तहत कार्यवाही की।जानकारी के अनुसार प्रमोद पाठक थानाध्यक्ष काठगोदाम द्वारा ऐसे अभ्यस्थ अभियुक्त के के खिलाफ कार्रवाई की जो शातिर एवं अपराधिक प्रवृत्ति वाले व्यक्ति है, जो आये दिन अवैध शराब की तस्करी ,सट्टे व जुआ की खाई बाडी ,चोरी चकारी लडाई झगडा कर अवैध रूप से धनोपार्जन करते रहते है तथा लोक शान्ति को भंग करते रहते है। इनके भय एवं आतंक के कारण जनता का कोई भी व्यक्ति इनके विरूद्ध रिपोर्ट लिखाने को तैयार नही होता है। जिनका समाज में स्वच्छन्द रहना समाजहित न्यायोचित प्रतीत नही हो रहा है। जिससे जनता पर प्रतिकूल प्रभाव पड रहा है। इनके विरूद् थाना काठगोदाम में कई अभियोग पंजीकृत है। जिनके विरुद्ध कार्रवाई की गई है उनमे अनिल कुमार उर्फ वशु आगरी पुत्र रमेश चन्द्र आर्या निवासी बेड़ीखत्ता दमुवाढुंगा, धीरज आर्या पुत्र ओमप्रकाश निवासी बेड़ीखत्ता दमुवाढुंगा, सुरेन्द्र सिंह नेगी पुत्र डूंगर सिंह नेगी निवासी बद्रीपुरा, फुरकान अंसारी पुत्र भूरे मियां निवासी इन्द्रा कालोनी, कमल शाह पुत्र स्व. भवानी शाह निवासी शीतलापुरी रानीबाग, मो.शादाब उर्फ शादाब खान पुत्र आफताब हुसैन निवासी गौला बैराज, मंसूर अली उर्फ शिब्बू पुत्र मुनब्बर अली निवासी कालटैक्स, वसीम पुत्र मो. यासीन निवासी गौलाहैड, श्याम आर्या पुत्र नन्दन आर्या निवासी बेडी खत्ता दमुवाढूगां व लक्ष्मण सिंह सामन्त उर्फ कालू पुत्र सोबन सिंह निवासी पुरानी चुंगी काठगोदाम शामिल हैं।

# ईएलपीएस के मेधावी छात्रों को किया पुरस्कृत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आवास विकास स्थित ईएलपीएस स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें प्रधानाचार्या सिन्दरवीर कौर ने मेधावी छात्रों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया और सभी छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। परीक्षाफल में प्री नर्सरी में मनदास प्रथम, अनध बजाज द्वितीय व लव्यांश तृतीय रहे। नर्सरी में राधिका सरकार प्रथम, सुर्यांशु द्वितीय व यशवी तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा एलकेजी में प्रणिका रस्तोगी प्रथम, पल्लवी द्वितीय व अंशिका तृतीय स्थान पर रही। कक्षा यूकेजी में अबीर राठौर प्रथम, संजना द्वितीय व अब्दुल अहद तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा प्रथम में काव्यांश यादव प्रथम, लक्ष्मी दास द्वितीय व निव्या भारद्वाज तृतीय रहे। कक्षा द्वितीय में आराध्या सिंह प्रथम, यशिका मुजाल द्वितीय व मौहम्मद शान तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा तृतीय में समर प्रथम, आयुष अधिकारी द्वितीय व अपेक्षा चौहान तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा चतुर्थ में आराध्या कुमारी प्रथम, रानी दास द्वितीय व देवसिंह यादव तृतीय रहे। कक्षा पांचवीं में श्रेया द्विवेदी प्रथम, वैभव कांडपाल द्वितीय व अनुज सिंह तृतीय रहे। कक्षा छह में संदीप कुमार प्रथम, प्राची श्रीवास्तव द्वितीय व निधि सरकार तृतीय रही। कार्यक्रम में अभिभावकों व शिक्षकों का सहयोग रहा। इस दौरान प्रबंधक जितेन्द्र सिंह जठौल, अध्यक्ष अरूण दीप सिंह जठौल, दुर्गेश बाबू, मेघाशर्मा, अमीर बानो, वर्षा गंगवार, गीता वर्मा, जिगरप्रीत कौर, सुप्रीत कौर, यशिका बिष्ट, अंजली व चंदा यादव आदि मौजूद थे।

# किसानों को मिले उचित मुआवजा: बेहड़

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलकराज बेहड़ ने प्रेस विज्ञप्ति द्वारा बताया कि कल हुई बेमौसमी बारिश तथा ओलावृष्टि से पूरे क्षेत्र के किसानों को भारी नुकसान हुआ है, उन्होंने कहा बेमौसम बारिश तथा ओलावृष्टि के चलते किसानों की सारी फसल तबाह हो गई है, किसान जो कि पहले ही बढ़ती महंगाई, मौसम की मार तथा फसल की कम कीमत के चलते आर्थिक संकटों से जूझ रहा है उसे इस प्रकार की देवी आपदाओं से सामना करना पड़ रहा है जिससे उनके सामने गहरा संकट उत्पन्न हो गया है तथा वह सरकार से मांग करते हैं कि सरकार शीघ्र से शीघ्र किसानों की फसलों का मुआयना कराये और किसानों के हुए गेहूं तथा अन्य फसलों पर हुए नुकसान का आकलन करके उनको मुआवजा दिया जाये। उन्होंने कहा कि वे किसानों के मुआवजे देने हेतु मुख्यमंत्री को भी एक पत्र लिखेंगे तथा उन्होंने सरकार से यह भी मांग करेंगे गेहूं की एमएसपी सरकार किसानों को कम से कम 2500 कर दे ताकि उनकी फसल की कीमत उन्हें प्राप्त हो सके इस विषय में जिले जिलाधिकारी से भी वार्ता करेंगे। साथ ही विधायक बेहड ने फोन वार्ता से एसडीएम व तहसीलदार को किसानों की फसल के हुए नुकसान का आकलन कराने के लिए निर्देशित किया।

## पेज एक का शेष...

**मुख्यमंत्री ने दिये...**होगी वह की जायेगी।मुख्यमंत्री ने जोशीमठ सहित अन्य क्षेत्रों में वर्षा के दृष्टिगत निरंतर समीक्षा कर अधिकारियों को स्थिति पर नजर रखने को कहा है। उन्होंने कहा कि राज्य को आपदाओं का सामना करने के लिए विशेष तैयारी की आवश्यकता है। इस अवसर पर सचिव आपदा प्रबंधन डॉ. रंजीत सिन्हा, अपर सचिव आपदा प्रबंधन सविन बंसल, सुश्री रिद्धिम अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

**आरपीएफ ने ...**जिन्हे बैग दिखाया गया तथा सामान चेक कराया गया तो सामान बिल्कुल सही पाया। जिन्होनें बताया कि वह अपने बेटे की बहु के साथ मुरादाबाद से पैसेन्जर गाडी से रामनगर पहुचे। तेज बारिस के कारण दो नम्बर प्लेटफॉर्म से एक नम्बर प्लेटफार्म पर जाने के एक नम्बर प्लेटफॉम पर खडी गाडी में अपना बैग रख दिया और गाडी चल दी। सामान की कुल अनुमानित कीमत रु 2,00,000/- ( दो लाख रूपये ) आंकी गयी। पोस्ट कमांडेंट ने जरूरी जानकारी जुटाने के बाद उक्त बैग को सामान सहित ठीक ठीक सूरज पाल सिंह को सुपुर्द कर दिया। वर्दी की यह सहदयता व ईमानदारी देखकर सूरजपाल गदगद हो उठे। उसने रेलवे सुरक्षा बल के समस्त स्टाफ की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

**उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने ...** 201 रूपये की धनराशि लोक सेवा आयोग द्वारा आवेदन शुल्क (परीक्षा शुल्क) से प्राप्त की गयी है। उपलब्ध कराये गये आंकड़ों का वित्तीय वर्ष वार विश्लेषण करने से स्पष्ट है कि दो वर्षों (2001-02 तथा 2014-15) में जहां कोई धनराशि नहीं प्राप्त हुई है। वहीं 6 वर्षों में एक करोड़ से अधिक धनराशि का आवेदन शुल्क (परीक्षा शुल्क) प्राप्त किया गया है। इसमें सर्वाधिक 2021-22 में 7 करोड़ 40 लाख 64201 तथा दूसरे स्थान पर वर्ष 2017-18 में 3 करोड़ 9 लाख 31145 तीसरे स्थान पर वर्ष 2015-16 में 2 करोड़ 70 लाख 77380 चौथे स्थान पर वर्ष 2002-03 में 2 करोड़ 5 लाख 54719, पांचवे स्थान पर वर्ष 2019-20 में 2 करोड़ 7 लाख 62205 तथा छठे स्थान पर वर्ष 2016-17 में 1 करोड़ 49 लाख 7510 रू. प्राप्त किये गये है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# हेल्थ और वेलनेस सेंटरों में स्वास्थ्य सुविधाओं को विकसति कर रही केंद्र सरकार : मांडविया

## केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने उत्तराखंड में मेडिकल कालेजों के लिये 182 करोड़ की चार विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया

देहरादून (उद संवाददाता)। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को उत्तराखण्ड में स्वास्थ्य से संबंधित लगभग 182 करोड़ रूपये की चार परियोजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्य सेवक सदन में आयोजित इस कार्यक्रम में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जोशीमठ से वर्चुअली जुड़े थे। जिसमें 124.10 करोड़ की लागत से दून मेडिकल कॉलेज में 500 शैय्या के नवीन ब्लॉक का निर्माण, रूद्रप्रयाग में 20.38 करोड़ की लागत से क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निर्माण, श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में 18.80 करोड़ की लागत से क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निर्माण एवं हल्द्वानी (नैनीताल) में 19.48 करोड़ की लागत से क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निर्माण कार्य शामिल है। मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया जोशीमठ से वर्चुअल माध्यम से जुड़े। इस दौरान केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि आज राज्य में 180 करोड़ से अधिक कार्यों का शिलान्यास हुआ है। उत्तराखण्ड विकास की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। यदि राज्य सरकार केन्द्र द्वारा दिये गये लक्ष्य को प्राप्त करती है, तो राज्य को धन की कोई कमी न हो, इसका हमारा प्रयास रहता है। उन्होंने कहा कि मैं कल से उत्तराखण्ड में हूं, नीति एवं मलारी गांव में भ्रमण के दौरान इन गांवों में जनता के साथ संवाद स्थापित करने का अवसर मिला। मलारी गांव के हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर की कम्यूनिटी हेथ ऑफिसर ने कहा कि यहां बड़े अस्पताल नहीं है, फिर भी यहां बड़े डॉक्टर की सुविधा मिलती है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि गांव में काम करने वाले किसान एवं गरीब लोग जब ईलाज के लिए हेल्थ और वेलनेस सेंटर में जाते हैं, स्पेशलिस्ट डॉक्टर की सलाह उनको मिल जाती है, तो उन्हें जिला अस्पताल या अन्य अस्पतालों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। यह व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने के लिए उन्होंने राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में और उत्तराखण्ड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश का हेल्थ सेक्टर बदल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने कहा कि हम अमृत काल में देश को विकसित राष्ट्र बनायेंगे। इसके लिए हमारी प्राथमिकता है कि देश के नागरिक स्वस्थ रहें। स्वस्थ समाज ही समृद्ध राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। देश के हेल्थ सेक्टर को पहली बार विकास के साथ मोदी जी ने जोड़ा। स्वास्थ्य के क्षेत्र में हर सेक्टर में होलिस्टिक एप्रोच के साथ कार्य किये जा रहे हैं। 2014 से अब तक स्वास्थ्य के क्षेत्र में देश में तेजी से सुधार हुआ है। उत्तराखण्ड में होलिस्टिक हेल्थ कवरेज के लिए राज्य को एम्स के साथ ही एम्स का सेटेलाइट सेंटर भी दिया गया है। देश में 1 लाख 56 हजार हेल्थ एवं वेलनेस सेंटरों में आज मुफ्त इलाज हो रहा है। देश में टर्सरी हेल्थ केयर, सेकेण्डरी हेल्थ केयर एवं प्रायमरी हेल्थ केयर को सुनिश्चित करने के लिए हेल्थ इन्फ्रास्टक्चर खड़ा करने की आवश्यकता होती है। इसके लिए देश में आयुष्मान भारत हेल्थ इन्फ्रास्टक्चर मिशन चलाया जाता है। देश में क्रिटिकल हेल्थ केयर के लिए 64 हजार करोड़ रूपये 05 साल में खर्च किये जायेंगे। 01 जनपद में औसतन 100 करोड़ रूपये हेल्थ इन्फ्रास्टक्चर के लिए खर्च किया जा रहा है। भारत में ब्रेन पॉवर एवं मेन पॉवर की कभी कमी नहीं थी। भारत सामर्थ्यवान देश है, सवाल था देश के नागरिक को अवसर देने का, जब अब देश के नागरिक को अवसर मिल रहा है, तो नतीजा हमेशा बेहतर होता है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि चार दिन पूर्व वाराणसी में विश्व के 40 देशों के प्रतिनिधि टी.बी समिट के लिए आये थे। यूनाइटेड नेशन ने स्टॉप टी.बी अभियान चलाया है। विभिन्न देशों से आये प्रतिनिधियों को हम हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में ले गये। जिसमें कई देशों के स्वास्थ्य मंत्री भी थे। इन सेंटरों में हमारी आशा बहने, ए.एन.एम., डॉक्टर्स, टी.बी. के मरीज और निक्षय मित्र उनसे संवाद कर रहे थे, तो उन्होने विदेशी प्रतिनिधियों को हेल्थ सिस्टम से संबंधित अनेक जानकारियां दी। केन्द्र सरकार ने सभी जन प्रतिनिधियों, सामाजिक संस्थाओं एवं अधिकारियों को क्षय रोगियों को गोद लेने का आह्वान किया है। इसमें सबका पूरा सहयोग मिला। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि उत्तराखण्ड में जितने भी टी.बी. के मरीज हैं, उनको किसी न किसी ने गोद लिया है। उन्होंने कहा कि मुझे पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली उत्तराखण्ड सरकार पर भरोसा है कि उत्तराखण्ड देश का पहला ऐसा राज्य बने जो सबसे पहले टी.बी मुक्त हो। प्रधानमंत्री जी की उपस्थिति में हमें घोषणा करने का अवसर मिले कि उत्तराखण्ड पहला राज्य बना है, जो टी.बी. मुक्त हो गया। उन्होंने कहा कि जो कार्य राज्य सरकार ने आज हाथ में लिया है, इस पर कार्य तेज गति से हां। इसके लिए केन्द्र सरकार द्वारा पूरी मदद दी जायेगी। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि देश की जनता की आस्था से जुड़े चारधाम यात्रा के लिए राज्य सरकार अच्छा कार्य कर रही है। आगामी चारधाम यात्रा के लिए राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो अपेक्षा रखी गई है, हेल्थ सेक्टर में चारधाम के लिए राज्य को उनकी अपेक्षा से भी अधिक सहयोग मिलेगा। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि देश के सामर्थ्य से हमने कोविड क्राइसिस से लड़ाई की। हम वसुधैव कुटुम्बकम् की अवधारणा को मानने वाले लोग हैं। हम केवल अपने बारे में नहीं सोचते, सम्पूर्ण विश्व के बारे में सोचते हैं। स्वास्थ्य हमारे लिए बिजनेस नहीं है, सेवा है। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन के दौरान प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि हमारा दायित्व है कि हम दुनिया की मदद करें। उस वक्त भारत ने दुनिया के 150 देशों को दवाई उपलब्ध कराई। 78 देशों को कोविड वैक्सीन उपलब्ध कराई है। हम संस्कार के वाहक हैं। हमारे देश के साथ दुनिया का भी भला हो हम ये भी सोचते हैं। भारत में दुनिया से सबसे अच्छे कोविड मैनेजमेंट का उदाहरण प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड के लिए 182 करोड़ रुपए से अधिक की चार परियोजनाओं का शिलान्यास कर स्वास्थ्य के क्षेत्र में इतनी बड़ी सौगात देने के लिए केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा. मनसुख मांडविया का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर जीवन का मुख्य ध्येय होना चाहिए यह हमारी संस्कृति मानती है। सबसे पहले शरीर का ध्यान रखें तभी कोई कार्य ठीक से होगा। इसी मूलमंत्र को ध्यान में रखकर सरकार ने राज्य में जन-स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को सशक्त बनाने पर अपना ध्यान केंद्रित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व और दिशा निर्देशन में अन्य क्षेत्रों की भांति स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। आज विकास का ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जिसको प्रधानमंत्री जी द्वारा शुरू की गई योजनाओं से लाभ न मिल पाया हो। कोरोना काल में जहां एक ओर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना ने करोड़ो लोगों के दो वक्त का भोजन सुनिश्चित किया वहीं आयुष्मान भारत योजना ने देश के नागरिकों को यह भरोसा दिलाया कि बीमार होने पर उन्हें नि:शुल्क उपचार अवश्य मिलेगा। स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में पिछले 5 सालों में जितने काम हो सकते थे उनको धरातल पर उतारने का काम किया गया है। आगे भी हम उत्तराखंड में स्वास्थ्य के क्षेत्र में और अच्छा क्या हो सकता है, इसके लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार से राज्य को 01 लाख 24 हजार लोगों से ब्लड डोनेशन कराने का लक्ष्य दिया गया था। राज्य में एक लाख 01 लाख 67 हजार लोगों ने ब्लड डोनेशन किया है। उत्तराखंड भारत का पहला राज्य है जिसने सबसे ज्यादा ब्लड डोनेशन किया है और ई रक्तकोश में 80 हजार लोग अभी तक रजिस्ट्रेशन कर चुके हैं।देश में आयुष्मान भारत योजना लॉन्च हुई तो हमारे राज्य में अटल आयुष्मान योजना लॉन्च की गई। राज्य में अभी तक 50 लाख 24 हजार अटल आयुषमन कार्ड बनाये जा चुके हैं। 07 लाख से ज्यादा लोगों का इस योजना के तहत ईलाज हो चुका है, जिसमें 13 सौ करोड़ से अधिक खर्चा हो चुका है। अब राज्य में किडनी ट्रांसप्लांट भी आयुष्मान कार्ड में कवर कर दिया है। प्रदेश में 91 प्रतिशत संस्थागत डिलीवरी हो रही है। प्रदेश में सरकार ने ईजा बोई योजना शुरू की है। जिसमें गर्भवती महिलाओं को 2000 रूपये पौष्टिक आहार के लिए दिया जाएगा। राज्य में 32 लाख लोगों की आभा आईडी बनकर तैयार हो चुकी है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री गणेश जोशी, सांसद श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाह, राज्यसभा सांसद श्री नरेश बंसल, विधायक श्री खजान दास, श्री विनोद चमोली, श्री प्रदीप बत्रा, श्रीमती सरिता आर्य, श्रीमती रेनू बिष्ट, मेयर श्री सुनील उनियाल गामा, संयुक्त सचिव स्वास्थ्य, भारत सरकार श्री विशाल चौहान, सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर. राजेश कुमार एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।






## सलाहकार समिति का सदस्य बनने पर लवी सहगल का किया स्वागत

किच्छा(उद संवाददाता)। खाद्य आपूर्ति एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (भारत सरकार) द्वारा नगर निवासी भाजपा नेता लवी सहगल को उत्तराखंड सलाहकार समिति का सदस्य बनाए जाने से कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के तमाम पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्तराखंड सलाहकार समिति के नव मनोनीत सदस्य लवी सहगल का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया और केंद्र सरकार का आभार जताया। नगर के बरेली मार्ग स्थित कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष हारून मलिक के नेतृत्व में तमाम भाजपाइयों ने लवी सहगल का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत करते हुए मनोनयन की बधाई दी। इस मौके पर मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी सुजाहत यार खान ने कहा कि भाजपा ही ऐसी पार्टी है जिसमें प्रत्येक समर्पित कार्यकर्ता को सम्मान मिलता है। उन्होंने कहा कि श्री सहगल को केंद्रीय खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा उत्तराखंड सलाहकार समिति का सदस्य बनाए जाने से भाजपाइयों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है और सभी कार्यकर्ताओं में मोदी सरकार एवं धामी सरकार के प्रति विश्वास में वृद्धि हुई है। सलाहकार समिति के नवमनोनीत सदस्य लवी सहगल ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व द्वारा जिस आशा के साथ उन्हें समिति सदस्य की अहम जिम्मेदारी दी गई है वे उन आशाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। सहगल ने केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ करने का भरोसा दिलाया। मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष हारून मलिक, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष नितेश बाला, जिला मीडिया प्रभारी सुजाहत खान, महामंत्री फहीम अहमद, प्रांतीय सदस्य ततीर अहमद, शाकिर अहमद, कोषाध्यक्ष फईम खान आदि मौजूद रहे।



## विधायक शिव ने पैदल भ्रमण कर सुनी लोगों की समस्याएं

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।विधायक शिव अरोरा ने ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र के वार्ड नं 1 शिमला बहादुर ओर वार्ड नं 7 ,आजाद नगर का सुबह स्थानीय लोगों के साथ पैदल भ्रमण किया। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने पैदल भ्रमण करते हुए वार्ड की समस्याओं को मौके पर जाना, स्थानीय लोगो द्वारा कई क्षेत्रों में रोड नाली निर्माण जैसे महत्वपूर्ण समस्याओं से विधायक को अवगत करवाया। विधायक शिव अरोरा सम्बंधित रोडो के विषयों पर आने वाले समय में जल्द बनवाने हेतु लोगो को आश्वासन किया। विधायक शिव अरोरा ने कहा पैदल भ्रमण के दौरान स्थानीय लोगो के साथ संवाद हुआ, जिससे अनेको लोगो की समस्याओं को सुना और निश्चित रूप



से अति शीघ्रता से उनके निवारण पर भी कार्य किया जायेगा। विधायक ने कहा जनता का सेवक हुआ इसलिए प्रयास रहता है उनके बीच जाकर समस्याओं को जाने समझे, जिससे उसको करवाने में आसानी हो । विधायक शिव अरोरा ने कहा अभी हाल ही में विधायक के रूप में एक साल पूर्ण हुआ है , जिसमे हमने एक बेहतर रुद्रपुर के संकल्प के साथ काफी बडे कार्यो को करने का प्रयास किया है। जिसमे काफी हद तक सफलता प्राप्त की है ओर रूद्रपुर की जनता के सहयोग से ओर आने वाले समय मे अच्छा कार्य करने का प्रयास करेंगे। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, पार्षद शिव कुमार गंगवार,डी के गंगवार, राहुल तिवारी, सी पी गंगवार, राकेश गंगवार, देवेंद्र रत्न गंगवार, आनद , अशोक राजपूत, समीर ,अनिता बरेठा,धर्मेंद्र राठौर, प्रदीप राठौर,मदन दिवाकर, आदेश भरद्वाज, राजेन्द्र राठौर दीपक राठौर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## भाजपा की सरकार हो चुकी है निरंकुश: राजेश प्रताप

किच्छा(उद संवाददाता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द करने व आवास खाली कराने की केंद्रीय सरकार के फैसले के विरोध मे कोंग्रेस आंदोलन करेगी। जनमानस के बीच जाकर जागरूक करेगी। कांग्रेस नगर अध्यक्ष के कार्यालय मे आयोजित पत्रकार वार्ता में वरिष्ठ कांग्रेसी राजेश प्रताप ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व व प्रदेश नेतृत्व के दिशा निर्देश पर एक माह तक आंदोलन किया जाएगा।उन्होंने कहा कि वर्तमान केन्द्र की भाजपा सरकार पूर्ण रूप निरंकुश हो गई है। इसके चलते आम जनता त्रस्त है। केंद्र की सरकार लगातार राहुल गांधी के सवालों का जवाब नही दे पा रही थी जिससे खिन्न हो कर केंद्र किसरकर राहुल गांधी जी को बेघर करना चाह रही है। नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी जी के साथ जो भी किया जा रहा वह बर्दाश्त करने योग्य नहीं है।कांग्रेस भाजपा सरकार का सड़कों पर उतर कर विरोध किया जायेगा।विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ ने कहा की केंद्र व प्रदेश नेतृत्व के दिशा निर्देश पर शीघ्र आंदोलन किया जाएगा।

